RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

मुकद्दस रमजान
इफ्तार मंगलवार 06:48 PM
सहरी बुधवार 05:35 PM

वर्ष : 26 | अंक : 81 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 12 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

ग्रेटर नोएडा की हवा रही सबसे अधिक प्रदूषित

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दिल्ली व एनसीआर के शहरों की हवा एक बार फिर खराब होने लगी है। सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 264 रहा, यह खराब श्रेणी है। इसके साथ ही एनसीआर के शहर गुरुग्राम में 231, फरीदाबाद में 214, नोएडा में 203 व गाजियाबाद में 162 एक्यूआई दर्ज किया गया।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक, सोमवार को औसतन चार किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली थी। वहीं, मंगलवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति चार से आठ किलोमीटर प्रतिघंटे रहने का अनुमान है। बुधवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से चल सकती हैं। हवा की गति 10 से 20 किमी रहने के आसार हैं। बृहस्पतिवार को हवा विभिन्न दिशा से चलने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति चार से 16 किमी प्रति घंटे रहने की उम्मीद है।

हरियाणा में सियासी भूचाल

सीएम मनोहर लाल खट्टर का इस्तीफा, जेजेपी से गठबंधन टूटा

चंडीगढ (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) तथा जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) में बात न बनने के बाद हरियाणा में सियासी भूचाल आ गया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर ने पूरे मंत्रिमंडल के साथ इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा हरियाणा के राज्यपाल को सौंपा। हरियाणा में सियासी हलचल के बीच आज ही नई सरकार का पुर्नगठन होगा जिसमें दुष्यंत चौटाला की पार्टी (जेजेपी) शामिल नहीं होगी। मनोहर लाल खटटर व पूरे मंत्रिमंडल के इस्तीफ के बाद भाजपा विधायक दल की बैठक हो रही है। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा में नये मुख्मयंत्री के तौर पर राज्य के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का नाम सबसे ऊपर चल रहा है। जबकि मनोहर लाल खटटर करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं।

हरियाणा की बीजेपी और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) की गठबंधन सरकार टूट गई है। हरियाणा सरकार के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने पूरे मंत्रिमंडल के साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद नए सिरे से हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। अब हरियाणा में बीजेपी और जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का गठबंधन टूट गया है।

हरियाणा में भाजपा विधायक दल की बैठक दोपहर में बुलाई गई है। बैठक में अर्जुन मुंडा और तरुण चौक पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल हुए।

सोमवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी दुष्यंत चौटाला ने मुलाकात की थी लेकिन चुनाव में गठबंधन को लेकर बात नहीं बन पाई। सूत्रों के हवाले से पता चला है कि बीजेपी दरअसल जेजेपी को सीट देने के पक्ष में नहीं है। जेजेपी को हरियाणा बीजेपी भी सीट देने के पक्ष में नहीं है। बीजेपी सभी दस सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि जेजेपी एक से दो सीटों की मांग कर रही थी।

दुष्यंत की पार्टी में टूट !

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की पार्टी (जेजेपी) में भी टूट की खबर सामने आ रही है। हरियाणा में (जेजेपी) के 10 विधायक हैं। सियासी भूचाल के बीच जेजेपी.... की बैठक में पार्टी के तीन विधायक देवेन्द्र बबली, रामनिवास व राजकुमार गौतम नहीं पहुंचे। इनके भाजपा में शामिल होने की खबर है।

गठबंधन तोड़ने पर दीपेंद्र हुड्डा का बयान

गठबंधन टूटने पर कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि आज की घटनाक्रम पर मैंने तीन महीने पहले सिरसा में रिएक्शन दे दिया था। मैंने प्रदेश वासियों को बता दिया था कि भाजपा-जजपा में समझौता तोड़ने का अघोषित समझौता हो गया है। और इस बार भाजपा के इशारे पर जजपा और इनेलो वाले कांग्रेस की वोट में सेंध मारने अलग से फिर आएंगे।

दुष्यंत चौटाला ने सरकारी गाड़ियां लौटाई

सूत्रों के अनुसार, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने अपनी सरकारी गाड़ियां लौटा दी हैं। इसके अलावा जजपा में भी टूट की खबर है। सूत्रों के अनुसार, जजपा विधायक देवेंद्र बबली भी भाजपा की बैठक में शामिल होंगे।

गार्ड की पीट-पीटकर हत्या सड़क पर मिला शव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर 36 स्थित एक कंस्ट्रशन कम्पनी में चौकीदार का काम करने वाले व्यक्ति सड़क पर मृत अवस्था में मिला है। गार्ड के सिर पर चोट का निशान है। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की।

बताया जा रहा है शराब पीने के बाद रात में गार्ड का अपने साथियों से विवाद हुआ था, विवाद में हत्या हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 स्थित एक कंपनी में कृष्ण सिक्योरिटी गार्ड के रूप में नौकरी करता था। मंगलवार सुबह उसका शव लहूलुहान अवस्था में सड़क पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में सिक्योरिटी गार्ड के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। (शेष पृष्ठ-4 पर)

यूपी को तीन वंदे भारत ट्रेनों की सौगात

लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ और रांची-वाराणसी के बीच दौड़ेगी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से भारतीय रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश को तीन नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वर्चुअली इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश में तीन नई वंदे भारत ट्रेनें शुरू करने के साथ ही लखनऊ-गोरखपुर (शेष पृष्ठ-4 पर)

सीएम योगी ने जताई खुशी

सीएम योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी का आभार जताते हुए लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज राष्ट्र के विकास को रफ्तार देतीं 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक लागत की विभिन्न रेल परियोजनाओं के लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से सहभाग किया।

सैनी और सुनपुरा में चला बाबा का बुल्डोजर

ग्रेटर नोएडा। अवैध अतिक्रमण के खिलाफ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सैनी और सुनपुरा गांव में बड़ी कार्यवाही की है। मंगलवार सुबह सैनी और सुनपुरा गांव में बाबा का बुल्डोजर गरजा और करोड़ों रूपये की जमीन पर बने अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने इंडस्ट्री के लिए अधिग्रहित की गई जमीन पर से आज सुबह अतिक्रमण हटाया। सैनी व सुनपुरा गांव में बाबा के बुल्डोजर ने लगभग 500 करोड़ रूपये की जमीन पर से अवैध निर्माण को हटाया है।

सेक्टर-34 में डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट पोल्स का शुभारंभ

नोएडा (चेतना मंच)। आज से सेक्टर-34 के आंतरिक मुख्य मार्गों पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट पोल्स लगाने का कार्य शुरू हो गया है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के के जैन ने मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एवं विद्युत यांत्रिकी विभाग का आभार व्यक्त किया ।

आरडब्ल्यूए महासचिव धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि सेक्टर की सुंदरता हेतु सेक्टर के आंतरिक मुख्य मार्गों पर डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट पोल्स लगाए जाने के लिए पिछले काफी समय से प्रयासरत थे इनके डिजाइन और रोशनी से सेक्टर की सुंदरता और बढ़ेगी। (शेष पृष्ठ-4 पर)

फोनरवा का शपथ ग्रहण समारोह 16 को

नोएडा (चेतना मंच)। फेडरेशन ऑफ़ नॉएडा रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (फोनरवा) की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 16 मार्च को होगा। यह जानकारी फोनरवा के अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा ने दी है।

उन्होंने बताया कि 16 मार्च को सेक्टर 50 स्थित क्लब-50 में शाम को 5:30 सभी नवनिर्वाचित फोनरवा के पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह होगा तथा होली मिलन समारोह मनाया जाएगा। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। महासचिव के.के. जैन ने बताया कि 16 मार्च को फोनरवा के तीसरी बार अध्यक्ष बने योगेंद्र शर्मा, महासचिव के.के. जैन, कोषाध्यक्ष पवन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय भाटी, अशोक मिश्रा, देवेंद्र सिंह, सुशील यादव, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदीप बोहरा, लाट साहब लोहिया, संजय चौहान, सचिव विनोद शर्मा, सुखबीर सिंह, देवेंद्र कुमार, (शेष पृष्ठ-4 पर)

सीएए के खिलाफ मुस्लिम लीग पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्र सरकार द्वारा कल लागू की गई सीएए की सिफारिशों के बाद इसके विरोध में भी आवाज उठने लगी है। मुस्लिम लीग ने सीएए के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रूख किया है। आईयूएमएल ने सीएए के खिलाफ दायर अपनी रिट याचिका में अंतरिम आवेदन दिया, जिसमें आईयूएमएल ने तर्क दिया कि किसी कानून की संवैधानिकता तब तक लागू नहीं होगी, जब तक कानून स्पष्ट तौर पर मनमाना हो।

सुप्रीम कोर्ट में सीएए कानून के खिलाफ याचिका दायर की गई है। यह याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तरफ से दायर की गई है, जिसमें कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में नागरिकता संशोधन कानून 2019 के प्रावधानों को देश में लागू करने पर रोक (शेष पृष्ठ-4 पर)

सीएए लागू होने के बाद प्रदेश में अलर्ट : डीजीपी

लखनऊ (एजेंसी)। देश भर में सीएए कानून लागू होने के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। कानून की सिफारिशें लागू होते ही उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला तथा कानून व्यवस्था को मजबूत किया।

सीएए अधिसूचना पर उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त पुलिस बल है। इसके अलावा, हमें केंद्रीय बल भी मिला है। हम सभी व्यवस्थाएं कर रहे हैं। अधिसूचना हो चुकी है, उन्होंने कहा कि यह एक सक्षम प्रावधान है। यह ऐसे सभी लोगों को नागरिकता देने का प्रावधान करता है जो पड़ोसी देशों में धार्मिक उत्पीड़न का सामना करने के बाद यहां आए हैं। इसमें किसी भी

भारतीय नागरिक की नागरिकता छीनने का कोई प्रावधान नहीं है।

डीजीपी ने कहा कि पुलिस के अधिकारी धार्मिक नेताओं और सामाजिक समुदाय के प्रभावशाली लोगों के संपर्क में हैं। सीएए पर प्रतिक्रिया सकारात्मक है। सब कुछ सामान्य है। एहतियात के तौर पर पुलिस सतर्क है। (शेष पृष्ठ-4 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा

फ़ोन .08750611103

नोएडा में अब प्राधिकरण बनाएगा शीशमहल!

10 करोड़ की लागत से बनेगा, दो स्थान चिन्हित

नोएडा (चेतना मंच)।

अभिनव प्रयोगों की प्रयोगशाला नोएडा में अब नोएडा प्राधिकरण एक और अनूठी पहल की योजना बना रहा है। अब यहां एक शीशमहल (ग्लास हाउस) बनाया जाएगा। इसके लिए सेक्टर-54 स्थित वेटलैंड तथा सेक्टर-92 में प्रस्तावित जापानी पार्क में स्थल को चिन्हित किया गया है। इनमें से किसी एक स्थान पर शीश महल बनेगा।

इस शीश महल (ग्लास हाउस) को बनाने के लिए प्राधिकरण 10 करोड़ रुपए खर्च करेगा। इसमें अनेक शो कराए जाएंगे। जिससे होने वाली आमदनी से इस शीश महल का

काल्पनिक फोटो

रखरखाव किया जाएगा। प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि जल्द ही इस ग्लास हाउस को लेकर कंपनी अपना प्रजेंटेशन करेगी। जिसके बाद इसे मंजूरी देकर काम शुरू कराया जाएगा।

यह ग्लास हाउस पूरी तरह से कांच होगा। इस हाउस में सांस्कृतिक कार्यक्रम, फेस्ट और फ्लावर शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें उन पेड़ पौधों को उगाया भी जाएगा जिनको संरक्षित किया जा सके।

सलाहकार कंपनी की ओर से इसका डिजाइन प्राधिकरण को दिया गया है। मंजूरी के बाद यहां निर्माण होगा। हालांकि इसके निर्माण में एक समस्या सबसे ज्यादा है वो है तापमान की। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि जिस ग्लास फ्रेम की बात हो रही है। उसमें से धूप की रोशनी सीधे अंदर आएगी और बाहर की तुलना में अंदर का तापमान करीब (शेष पृष्ठ-4 पर)

विद्युत विभाग के उत्पीड़न से उद्यमी परेशान

- वर्तमान के साथ-साथ एडवांस बिल भेज रहा विभाग : विपिन मल्हन
- एनईए ने की मुख्य अभियंता से शिकायत

नोएडा (चेतना मंच)। विद्युत विभाग के उत्पीड़न से शहर के उद्यमी परेशान हैं। उद्यमियों का आरोप है कि विद्युत विभाग एडवांस बिल भेजकर धनराशि जमा करने का दबाव डाल रहा है। नोएडा एंटरप्रिन्योर्स एसोसिएशन (एनईए) ने मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर प्रोवीजनल बिल पर रोक लगाने की मांग की है।

एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने आरोप लगाया कि विगत वर्षों में विद्युत विभाग द्वारा प्रोवीजनल बिल (लगभग दोगुना धनराशि के) भेजे जा रहे थे। विरोध करने पर (शेष पृष्ठ-4 पर)

चुनावी व्यापार

देश का राजनीतिक ढांचा और सत्ता का दस्तूर अब नेताओं के सुपुर्द विचारधारा नहीं, चुनावी व्यापार की फ्रैंचाइजी दे रहा है। बड़े राज्यों की अमानत में राष्ट्रीय पार्टियों का यह चरित्र समझ आता है या क्षेत्रीय दलों के वर्चस्व में सत्ता की फ्रैंचाइजी चल निकली है, लेकिन हिमाचल जैसे छोटे व संसाधनहीन राज्य में अगर सियासत फ्रैंचाइजी बांटने लगे, तो अस्थिरता यहां भी परिस्थितियों को हमेशा असामान्य बना देगी। कांग्रेस के शिखर नेतृत्व को यह सोचना होगा कि जनता ने चालीस और निर्दलीय विधायकों ने तीन सीटें सौंपकर जिस प्रदेश की सत्ता को विपक्ष के मुकाबले तमाम अटकलों से ऊपर, विरामों से दूर और दलबदल की आशंका से कोसों दूर रखा हो, वहां अंततः नौ सीटें आत्मघाती क्यों हो गईं। क्या कांग्रेस के भेदिए या कांग्रेस के संपर्क सूत्र इतने शिथिल हैं या इनके कानों में अपनी सत्ता का ही फितूर गूंजता रहा, वरना 'खतरों के खिलाड़ी' जैसा शो न चलता। हैरानी यह कि कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों और राष्ट्रीय स्तर पर सैंकड़ों नेता इसलिए गंवा दिए, क्योंकि नेतृत्व अपने ही आराम में विराम लगाने पर तुला रहा। यानी हर राज्य की फ्रैंचाइजी तय करके नेतृत्व आज भी सोच रहा है कि उसका सियासी माल चल जाएगा, हालांकि इस अवधारणा के विपरीत कांग्रेस का सियासी माल अगर बिक रहा है, तो सामने भाजपा का पलड़ा भारी हो रहा है। कांग्रेस को या तो इसलिए सत्ता नहीं मिल रही, क्योंकि वहां सरकार बनाने के लिए कुछ क्षत्रपों को ही फ्रैंचाइजी दी गई है या इसलिए भी कि नई राजनीति में वही पुराने ढर्रे से माल बेचा जा रहा है। मध्यप्रदेश में कमलनाथ और राजस्थान में अशोक गहलोत को मिली कांग्रेस की फ्रैंचाइजी ने इसीलिए सारा व्यापार खट्टा कर दिया। कांग्रेस अपने दायित्व, उत्तराधिकार और दरबारी आधार पर जिस नेता पर दांव लगाती है, वह आगे-आगे चलकर प्रदेश में अपने प्रमुख की फ्रैंचाइजी आबंटित कर रहा है। यह दोनों तरह से है यानी संगठन में भी यही खोट है, जबकि सत्ता के पास फ्रैंचाइजी देने के हक में अनेक और विशेषाधिकार हैं। इन्हीं में अगर कल तक मंत्री पद थे, तो अब कैबिनेट रैंक से सुसज्जित होने की फ्रैंचाइजी भी उपलब्ध है। सियासत जिस तरह के विकल्पों में आम जनता से संबोधित है, वहां मतदाता केवल कठपुतली हैं और हमारे सामने नित नए नृत्य हो रहे हैं। ऐसे में फ्रैंचाइजी के नियमों और लाभ-हानि पर केंद्रित व्यवस्था पैदा हो रही है। हिमाचल में जिस तरह के फैसले पिछली चार सरकारों ने लिए हैं, उससे मालूम होता है कि प्रदेश का सारा धंधा कर्मचारियों ने छीन लिया है, जबकि सत्ता का चेहरा नौकरशाही और अफसरशाही को अपनी फ्रैंचाइजी में प्रयोगात्मक ढंग से चयनित करता रहता है। स्थानांतरण में न तो नियम और न ही नीति के प्रति कोई भी सरकार इसलिए गंभीरता नहीं दिखाती, क्योंकि हर किसी को फ्रैंचाइजी बचानी है। अभी भाजपा की सरकार से दूर हुए या खदेड़े गए छह विधायकों और सत्ता के बीच हम इसी फ्रैंचाइजी का नेटवर्क देख सकते हैं। जिस तरह कुछ एसडीएम को काले पानी की सजा हुई, उससे लगता है कि वे विधायकों की फ्रैंचाइजी में काम कर रहे थे, या अब जाकर मालूम हुआ कि वास्तव में व्यवस्था इसी का नाम है। हम जिसे राजनीति कहते हैं, उससे भी खतरनाक है सत्ता के आबंटन में फ्रैंचाइजी मॉडल का सफल होना। यह एक तरह से छोटे-छोटे दुर्गों का आबंटन है, जहां कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। जब पुलिस के ड्यूटी चार्ट में वीआईपी सेवा को अधिमान मिले, मंचों पर नौकर व अफसरशाही विराजमान रहे और सारी व्यवस्था मात्र गुणगान हो, तो समझ जाइए कि दिल्ली से शिमला तक के दरबारों में सरकारें अपने भरोसे के लिए भरोसेमंद लोगों को फ्रैंचाइजी बांट रही हैं। इस दौड़ में देश की हर पार्टी, व्यवस्था का हर पात्र, बजट का हर अंश और नागरिक समाज का हर दायित्व शरीक हो चुका है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि मनुष्य रोगों से पीड़ित हैं, भोग (सुख) कहीं नहीं है। बिना ही कारण अभिमान और विरोध करते हैं। दस-पाँच वर्ष का थोड़ा सा जीवन है, परंतु घमंड ऐसा है मानो कल्पांत (प्रलय) होने पर भी उनका नाश नहीं होगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

कलिकाल बिहाल किए मनुजा। नहिं मानत क्वौ अनुजा तनुजा॥
नहिं तोष बिचार न सीतलता। सब जाति कुजाति भए मगता॥

कलिकाल ने मनुष्य को बेहाल (अस्त-व्यस्त) कर डाला। कोई बहिन-बेटी का भी विचार नहीं करता। (लोगों में) न संतोष है, न विवेक है और न शीतलता है। जाति, कुजाति सभी लोग भीख माँगने वाले हो गए॥

इरिषा परुषाच्छर लोलुपता। भरि पूरि रही समता बिगता॥
सब लोग बियोग बिसोक हए। बरनाश्रम धर्म अचार गए॥

ईर्षा (डाह), कडुवे वचन और लालच भरपूर हो रहे हैं, समता चली गई। सब लोग वियोग और विशेष शोक से मरे पड़े हैं। वर्णाश्रम धर्म के आचरण नष्ट हो गए॥

दम दान दया नहिं जानपनी। जड़ता परबंचनताति घनी॥
तनु पोषक नारि नरा सगरे। परनिंदक जे जग मो बगरे॥

इंद्रियों का दमन, दान, दया और समझदारी किसी में नहीं रही। मूर्खता और दूसरों को ठगना, यह बहुत अधिक बढ़ गया। स्त्री-पुरुष सभी शरीर के ही पालन-पोषण में लगे रहते हैं। जो पराई निंदा करने वाले हैं, जगत में वे ही फैले हैं॥

दो0-सुनु ब्यालारि काल कलि मल अवगुन आगार।
गुनउ बहुत कलिजुग कर बिनु प्रयास निस्तार॥

हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! सुनिए, कलिकाल पाप और अवगुणों का घर है, किंतु कलियुग में एक गुण भी बड़ा है कि उसमें बिना ही परिश्रम भवबंधन से छुटकारा मिल जाता है॥

कृतजुग त्रेताँ द्वापर पूजा मख अरु जोग।
जो गति होइ सो कलि हरि नाम ते पावहिं लोग॥

सत्ययुग, त्रेता और द्वापर में जो गति पूजा, यज्ञ और योग से प्राप्त होती है, वही गति कलियुग में लोग केवल भगवान के नाम से पा जाते हैं॥

क्रमशः

किसानों के लिए सरकार की अहम पहल

एक ओर जब इन दिनों देश में किसानों के द्वारा अपनी मांगों को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार के द्वारा किसानों के हित में उठाई गई दो महत्वपूर्ण पहलें दुनियाभर में रेखांकित हो रही हैं। एक, हाल ही में भारत के द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबूधाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में खाद्य सुरक्षा, खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी पहल की गई, जिसके कारण इस सम्मेलन में इन मुद्दों पर कई विकसित देश भारत के किसानों के हितों के प्रतिकूल कोई प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ा पाए। ऐसे में अब भी भारत अपने किसानों के उपयुक्त लाभ के लिए नीतियां बनाने में सक्षम है। दो, 24 फरवरी को सरकार ने सहकारी क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना के लिए प्रायोगिक परियोजना लांच की है। यह प्रायोगिक परियोजना 11 राज्यों में प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) को लक्षित कर रही है, जिनके माध्यम से पैक्स की किसानों के हित में बहुआयामी भूमिका होगी।

गौरतलब है कि कृषि पर अबूधाबी मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में भारत ने जी-33 देशों के समूह, अफ्रीकी देशों और प्रशांत देशों के समूह की आवाज के साथ पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएचएस) के स्थायी समाधान को अंतिम रूप देने के लिए मजबूती से पक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि अब डब्ल्यूटीओ को केवल निर्यातक देशों के व्यापारिक हितों तक ही अपना ध्यान सीमित नहीं रखना चाहिए, असली चिंता दुनिया के करोड़ों लोगों की खाद्य सुरक्षा और आजीविका की होनी चाहिए। वस्तुतः खाद्य सुरक्षा एवं सार्वजनिक भंडारण के लिए भारत सरकार गेहूं और चावल मोटे अनाज को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की पहले से तय कीमत पर खरीदती है और फिर उन्हें गरीबों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के जरिये सस्ते दाम या मुफ्त में वितरित करती है। यह खाद्य सुरक्षा भूख से त्रस्त लाखों लोगों को भूख से बचाने का सरकार का नीतिगत तरीका है। यह भारत के द्वारा वर्ष 2030 तक देश में भूख व गरीबी मिटाने के लक्ष्य से जुड़ा मुद्दा भी है। ज्ञातव्य है कि वर्तमान में डब्ल्यूटीओ के नियमों के मुताबिक 1986-88 के मूल्यों को आधार मानते हुए उत्पादन मूल्य का 10 प्रतिशत से अधिक किसानों को सब्सिडी नहीं दी जा सकती है। भारत इसमें बदलाव चाहता है ताकि किसानों को अधिक सब्सिडी देने पर वैश्विक मंच पर उसका विरोध नहीं हो सके। अमरीका सहित कई विकसित राष्ट्र खाद्यान्न के लिए भारत में दिए जा रहे एमएसपी कार्यक्रम पर सवाल उठा रहे हैं, उनका कहना है कि इस पर दी जा रही सब्सिडी डब्ल्यूटीओ व्यापार नियमों के तहत स्वीकृत सीमा से करीब तिगुनी हो गई है। ज्ञातव्य है कि वर्ष 2013 में बाली में हुए मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में सार्वजनिक भंडारण और खाद्य सुरक्षा को लेकर एक पीस क्लॉज पर हस्ताक्षर किए गए थे जिसके तहत अन्न भंडारण कार्यक्रम का स्थायी हल नहीं निकलने तक किसी भी देश के द्वारा अनाज की खरीददारी और उसे कम दाम पर लोगों को देने का विरोध नहीं किया जाएगा। भारत को आशंका है कि खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम पर रोक लगाई जाएगी तो इससे देश के करोड़ों लोगों की भूख, करोड़ों किसानों की आजीविका और भारतीय कृषि के भविष्य पर असर पड़ सकता है। इसी कारण भारत खाद्य सब्सिडी की सीमा तय करने का फॉर्मूला बदलने की मांग कर रहा है।

हम उम्मीद करें कि हाल ही में डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में जिस तरह भारत ने खाद्य सुरक्षा व एमएसपी का मुद्दा प्रभावी तरीके से उठाया है, उससे दुनिया के अन्य देशों का समर्थन बढ़ेगा और इसका स्थायी समाधान होगा। साथ ही हाल ही में लांच की गई बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना से लाभ मिलेगा।

निश्चित रूप से इस समय जब भारत 142 करोड़ से अधिक जनसंख्या के साथ दुनिया का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है, देश में अभी भी 15 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा के नीचे हैं और भारत को कुपोषण की समस्या से ग्रसित देश के रूप में रेखांकित किया जा रहा है, तब भारत में खाद्य सुरक्षा, अधिक खाद्यान्न उत्पादन और खाद्यान्न भंडारण की जरूरत बनी हुई है। इस परिप्रेक्ष्य में सरकार के सराहनीय प्रयास दिखाई भी दे रहे हैं। जहां सरकार डब्ल्यूटीओ सहित अन्य वैश्विक मंचों पर किसानों को अधिक समर्थन को न्यायसंगत बताती है, वहीं हाल ही में 24 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा लांच की गई दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के तहत अगले पांच साल में 1.25 लाख करोड़ रुपए की लागत से 700 लाख टन अनाज की भंडारण क्षमता के हजारों गोदाम बनाए जाएंगे। खास बात यह है कि अब कम्प्यूटरीकृत पैक्स को गोदाम तैयार करने, कस्टर हायरिंग सेंटर बनाने, उचित मूल्य की दुकानों की प्रक्रिया में तथा प्रसंस्करण इकाइयां तैयार करने जैसी बहुआयामी भूमिका में शामिल किया गया है। नई खाद्यान्न भंडार योजना वस्तुतः देश में भंडारण के बुनियादी ढांचे की कमी के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। नई विशाल भंडारण क्षमता के बाद किसान अपनी उपज को गोदामों में रखने, इसके बदले संस्थागत ऋण प्राप्त करने और बाजार मूल्य लाभकारी होने पर अपने खाद्यान्न को बेचने में सक्षम होंगे।

नई खाद्यान्न भंडार योजना का मकसद देश की खाद्य सुरक्षा को मजबूत करना, भंडारण क्षमता में कमी के कारण किसानों को फसल पैदावार के मौसम में कम मूल्य पर की जाने वाली बिक्री से होने वाले नुकसान से बचाना भी है। इस समय देश का खाद्यान्न उत्पादन लगभग 3200 लाख टन से भी अधिक है, जबकि भंडारण क्षमता कुल उत्पादन का केवल 47 प्रतिशत ही है। ऐसे में निश्चित रूप से तेजी से बढ़ता हुआ खाद्यान्न उत्पादन अब किसानों के परम्परागत खाद्यान्न भंडारों और सरकार की खाद्यान्न संग्रहण क्षमताओं को लांघते हुए चुनौतीपूर्ण बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि पिछले एक दशक में सरकार के विभिन्न कृषि योजनाओं के द्वारा छोटे किसानों और कृषि विकास को जिस तरह समर्थन मिला है, उससे कृषि उत्पादन लगातार बढ़ता गया है और खाद्यान्न भंडारण की आवश्यकता बढ़ती गई है। यद्यपि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक देश है, लेकिन खाद्यान्न भंडारण में अभी भी बहुत पीछे है।

अनाज के अन्य बड़े उत्पादक देशों चीन, अमरीका, ब्राजील, यूक्रेन, रूस और अर्जेन्टीना के पास खाद्यान्न भंडारण क्षमता वार्षिक उत्पादन की मात्रा से कहीं अधिक है। ऐसे में नई खाद्यान्न भंडार योजना के माध्यम से देश में खाद्यान्न भंडारण की जो क्षमता फिलहाल 1450 लाख टन की है, उसे अगले 5 साल में सहकारी क्षेत्र में 700 लाख टन अनाज भंडारण की नई क्षमता विकसित करके कुल खाद्यान्न भंडारण क्षमता 2150 लाख टन किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। चूंकि इस योजना के क्रियान्वयन में प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) अहम भूमिका होगी। अतः पैक्स तथा सरकार के बीच उपयुक्त तालमेल जरूरी होगा। देश में अभी करीब एक लाख पैक्स हैं। पैक्स की क्षमता में सुधार करना होगा। पैक्स के स्तर पर भंडार गृह, प्रसंस्करण इकाई आदि कृषि व्यवस्थाएं निर्मित करके पैक्स को बहुउद्देश्यीय बनाए जाने के लिए उच्च स्तर पर खाद्यान्न भंडारण में विविधता लाई जाना होगी। हम उम्मीद करें कि हाल ही में डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में जिस तरह भारत ने खाद्य सुरक्षा व एमएसपी का मुद्दा प्रभावी तरीके से उठाया है, उससे दुनिया के अन्य देशों का समर्थन बढ़ेगा और इसका स्थायी समाधान होगा। साथ ही सरकार के द्वारा हाल ही में लांच की गई सहकारी क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी खाद्यान्न भंडारण योजना किसानों की खुशहाली, देश के कृषि विकास व अर्थव्यवस्था के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

डा. जयंती लाल भंडारी
विख्यात अर्थशास्त्री

भाजपा ने ओवैसी को उनके गढ़ में बुरी तरह घेर लिया

देश भर में घूम-घूमकर मुस्लिम वोटों की राजनीति करने वाले एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी इस बार खुद अपने गढ़ हैदराबाद में घिर गये हैं क्योंकि भाजपा ने आरएसएस कार्यकर्ता माधवी लता को उनके खिलाफ उतार दिया है। माधवी लता जिस तरह से अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद से ओवैसी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाए हुए हैं उससे हैदराबाद के सांसद की राजनीतिक जमीन हिल गयी है। इसीलिए आजकल ओवैसी जिम में पसीना बहा रहे हैं क्योंकि उन्हें इस बार मजबूत उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़ना है और समय निकाल कर अन्य प्रदेशों में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों का प्रचार भी करना है। हम आपको बता दें कि हाल में संपन्न तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जिस तरह एआईएमआईएम को अपने गढ़ हैदराबाद में झटका लगा था उसके चलते लोकसभा चुनाव के लिए ओवैसी काफी सतर्कता बरत रहे हैं।

जहां तक माधवी लता की बात है तो आपको बता दें कि वह आरएसएस कार्यकर्ता, पारंपरिक भारतीय महिला, उद्यमी, अस्पताल प्रशासक और एक प्रशिक्षित भरतनाट्यम नर्तक हैं। हाल के समय तक राजनीतिक क्षेत्रों में उनका नाम कभी चर्चा में नहीं रहा था लेकिन जब भाजपा ने हैदराबाद से उन्हें लोकसभा सीट का उम्मीदवार घोषित किया तो वह रातोंरात सुर्खियों में आ गयीं। 49 वर्षीय कोम्पेला माधवी लता तीन बच्चों की मां हैं। जब उन्हें भाजपा उम्मीदवार बनाया गया तो वह खुद भी आश्चर्यचकित रह गयी थीं क्योंकि उन्होंने अपने लिए कभी कोई पैरवी नहीं की थी। ओजस्वी वक्ता और उस्मानिया विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर माधवी लता कहती हैं कि मेरी उम्मीदवारी से यह बात साबित हो जाती है कि भाजपा लोगों की क्षमताओं और उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों पर नजर रखती है और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देती है।

हम आपको बता दें कि माधवी लता को उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं। इसके अलावा एक प्रखर वक्ता होना भी उनके पक्ष में गया है क्योंकि ओवैसी जिस तरह अपने भाषणों के जरिये लोगों को अपने पक्ष में करते हैं उसी तरह अपने भाषणों के जरिये उन्हें जवाब देने वाला प्रतिद्वंद्वी उनके खिलाफ चाहिए था। हम आपको बता दें कि एआईएमआईएम ने चार दशकों से हैदराबाद लोकसभा सीट पर कब्जा बनाए रखा है। सलाहुद्दीन ओवैसी ने 1984 से 1999 तक इस सीट का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद से उनके बेटे असदुद्दीन हैदरबाद से सांसद हैं। हैदराबाद लोकसभा सीट के तहत गोशामहल को छोड़कर सभी विधानसभा क्षेत्रों पर एआईएमआईएम का कब्जा है। गोशामहल से भाजपा के फायर ब्रांड नेता टी. राजा विधायक हैं।

भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भगवंत राव पवार को अपना उम्मीदवार बनाया था जोकि ओवैसी से भारी अंतर से चुनाव हार गये थे। इस बार हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी तय करने में आरएसएस से जुड़े संगठन मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने इस क्षेत्र में मुस्लिम महिलाओं के बीच काम कर रहीं माधवी लता का नाम सुझाया जिस पर पार्टी में सहमति बन गयी और उनकी उम्मीदवारी की घोषणा हो गयी। खुद माधवी लता भी इस बात को मानती हैं कि उन्हें चुनाव में मुस्लिम महिलाओं का सहयोग मिलेगा। उनका कहना है कि अगर हिंदू-मुस्लिम मुद्दे को देखा गया होता तो भाजपा मुझे उम्मीदवार नहीं बनाती। उनका कहना है कि मैं मुस्लिमों के बीच काम करती हूँ और उन्हें अपना मानती हूँ। माधवी लता का कहना है कि मैं तीन तलाक की विरोधी रही हूँ और हिंदुओं से जुड़े विषयों को लेकर भी सक्रिय रही हूँ। पुराने हैदराबाद शहर के याकूतपुरा की संतोष नगर कॉलोनी में एक निम्न-मध्यम वर्गीय परिवार में पली-बढ़ी लता माधवी कहती हैं कि वह हमेशा विभिन्न संस्कृतियों के बीच रहीं हैं।

> ***हम आपको बता दें कि माधवी लता को हैदराबाद लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाये जाने का कारण यह भी है कि एक तो वह महिला हैं और दूसरा मुस्लिम महिलाओं के बीच उन्होंने काफी काम किया है जिसके चलते वह उनके बीच काफी लोकप्रिय हैं।***

माधवी लता ने अपनी उम्मीदवारी घोषित होने के बाद मीडिया से कहा था कि मुझे 1980 के दशक में हुए सांप्रदायिक दंगों ने डरा दिया था। उन दंगों ने मुझे यह सोचने पर मजबूर कर दिया था कि लोग किसी की जान लेकर अपनी नफरत क्यों व्यक्त करना चाहते हैं। उनका कहना है कि वर्षों के अनुभव के बाद मुझे एहसास हुआ कि इसके पीछे आम आदमी नहीं बल्कि एक राजनीतिक खेल है। उनका कहना है कि एक आम आदमी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम, वह हिंसा नहीं चाहता। उन्होंने ओवैसी की ओर इशारा करते हुए कहा कि कुछ नेता ऐसे हैं जो कभी भी दोनों समुदायों के बीच शांति नहीं चाहते हैं। माधवी लता का कहना है कि यह लोग लंबे समय से सत्ता में जमे हैं लेकिन इन्होंने अपने समुदाय के लोगों के लिए भी कुछ नहीं किया। मौजूदा सांसद को खुली चुनौती देते हुए उन्होंने कहा कि मैं पुराने शहर की हर गली में प्रचार करूंगी और अगर मुझ पर एक भी पत्थर फेंका गया तो असदुद्दीन ओवैसी जवाबदेह होंगे।

माधवी लता का कहना है कि मेरे विरोधियों को चाहिए कि वह मुझे बराबरी का मुकाबला करने की अनुमति दें। उनका कहना है कि हमें धर्म को बीच में नहीं लाना चाहिए और लोगों की भावनाओं के साथ नहीं खेलना चाहिए। उनका कहना है कि मैं चुनाव प्रचार में धर्म की बात नहीं करूँगी। माधवी लता का दावा है कि हैदराबाद में ऐसे मतदान केंद्र हैं जहां मतदाताओं को धमकाया जा रहा है और पोलिंग एजेंट स्वतंत्र रूप से काम करने से डर रहे हैं। उनका कहना है कि मैं चुनाव आयोग से माँग करूँगी कि पर्याप्त संख्या में बल तैनात किया जाये और मतदान प्रक्रिया की लाइव स्ट्रीमिंग कराई जाये। उनका कहना है कि वह हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र के 1996 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए एक विशेष टास्क फोर्स के गठन के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से संपर्क करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हो गया तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। माधवी लता का यह भी कहना है कि मतदाता सूची से 2 लाख से अधिक हिंदू मतदाताओं को हटा दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश के लोगों को लगता है कि पुराने हैदराबाद शहर में बहुत सारे मुसलमान हैं इसलिए ओवैसी जीतते रहते हैं लेकिन इस बार यह मिथक टूट जायेगा क्योंकि मुझे सभी समुदायों का समर्थन मिलेगा। माधवी लता का कहना है कि वह चुनाव प्रचार के दौरान सीएए और तीन तलाक के बारे में लोगों की गलतफहमियां भी दूर करेंगी।

जहां तक ओवैसी की बात है तो आपको बता दें कि वह राष्ट्रीय स्तर पर अपना सियासी वजूद कायम करने के लिए पूरा जोर भले लगा रहे हैं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। इस बार तो उनको अपने गृह राज्य तेलंगाना विधानसभा चुनावों में ही झटका लग गया जब उनकी पार्टी की सीटों की संख्या घट गयी। इसके अलावा, हाल के चुनावों की बात करें तो ओवैसी ने बिलकीस बानो को आधार बनाकर गुजरात में अपनी सियासत शुरू करने की कोशिश की थी लेकिन भाजपा ने गुजरात के दाहोद जिले की लिमखेड़ा विधानसभा सीट पर भी जीत दर्ज की जहां कभी 2002 के दंगों की पीड़िता बिलकीस बानो रहा करती थीं। ओवैसी हैदराबाद से बाहर निकल कर हर जगह अपने पांव फैलाना चाह रहे हैं लेकिन जनता उन्हें उल्टा लौटा दे रही है। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में भी उन्होंने बड़े-बड़े दावे कर डाले थे। हिजाब को मुद्दा बना दिया था लेकिन यूपी की जनता ने उन्हें खाली हाथ लौटा दिया था। इससे पहले बिहार में जरूर उनकी कुछ सीटें आ गयी थीं लेकिन एक को छोड़कर बाकी विधायक राष्ट्रीय जनता दल में भाग गये। ओवैसी परिवार की बात करें तो आपको बता दें कि एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ही भड़काऊ भाषण नहीं देते बल्कि उनके छोटे भाई और तेलंगाना के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी तो कभी-कभी अपने बड़े भाई से भी आगे निकल जाते हैं। अभी हालिया तेलंगाना विधानसभा चुनावों के दौरान भी उन्होंने रात दस बजे के बाद भाषण देने से रोकने वाले पुलिस अधिकारी को चेतावनी देते हुए कहा था कि %%मुझे रोकने वाला अभी तक कोई पैदा नहीं हुआ है।%% अकबरुद्दीन ओवैसी ने पुलिस अधिकारी को धमकाते हुए कहा कि अगर वह अपने समर्थकों की तरफ इशारा कर दें, तो उन्हें यहां से दौड़ कर भागना पड़ेगा। इससे पहले भी अकबरुद्दीन ओवैसी कई विवादित बयान दे चुके हैं। अकबरुद्दीन ओवैसी मुगल सम्राट औरंगजेब के मकबरे पर जाना अपनी शान समझते हैं और हमेशा धर्म की राजनीति करते हैं।

-नीरज कुमार दुबे

राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : द्वितीया | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
सर दर्द, नेत्र पीड़ा, खर्च की अधिकता और वो भी दवा,दारु में खर्च। प्रेम, संतान, व्यापार बहुत अच्छा नहीं दिख रहा है।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
आय प्रभावित दिख रही है। यात्रा में कष्ट। विवादास्पद समाचार की प्राप्ति। स्वास्थ्य नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
कोर्ट-कचहरी से बचें। उच्चाधिकारियों के कोपभाजन के शिकार हो सकते हैं। व्यावासायिक उतार-चढ़ाव बना रहेगा।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
यात्रा अभी टाल के रखें। अपमानित होने का भय रहेगा। स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। प्रेम, संतान ठीक है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
वाहन धीरे चलाएं। कोई रिस्क न लें। स्वास्थ्य में ध्यान रखें। प्रेम, संतान लगभग ठीक है। व्यापार भी लगभग ठीक है।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
जीवनसाथी से कोई बड़ा विवाद संभव है, या उनके स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। नौकरी-चाकरी में कोई रिस्क मत लीजिएगा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
पैरों में चोट-चपेट लग सकती है। शत्रुओं का उत्पाद बना रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
मानसिक उलझन बनी रहेगी। बच्चों से तू-तू, मैं-मैं या बच्चों को लेकर मन परेशान रहेगा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
घरेलू विवाद बढ़ सकते हैं। भूमि,भवन, वाहन की खरीदारी विवादास्पद स्थिति में आ सकती है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
कंधे से लेकर गला तक की परेशानी दिख रही है। भाई-बहन के स्वास्थ्य को लेकर मन परेशान रहेगा। व्यापारिक विवाद संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
जुआ, सट्टा, लॉटरी में पैसा न लगाएं। स्वास्थ्य में ध्यान दें। मुख रोग के शिकार हो सकते हैं।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
स्वास्थ्य प्रभावित दिख रहा है। नकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। प्रेम, संतान की स्थिति बहुत खराब दिख रही है।

एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जिला श्रम बंधु की मासिक बैठक कल उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट सभागार सूरजपुर पर संपन्न हुई। बैठक में श्रम बंधु के सचिव/ अपर श्रम आयुक्त उत्तर प्रदेश सरजू राम ने पिछली बैठक की कार्यपुष्टी एवं अनुपालन रिपोर्ट रखी।

बैठक में ट्रेड यूनियन नेताओं ने मैसर्स-मानिताऊ इक्यूपमेंट इण्डिया प्रा0लि0 के प्रबंधकों व ठेकेदार/ द्वारा सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा पर हमला एवं मजदूरों की समस्याओं के समाधान हेतु ठोस कार्रवाई नहीं करवाने के लिए चिंता/रोष व्यक्त किया और उक्त मसले पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की गयी।

बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, महासचिव रामसागर, सचिव रामस्वारथ, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार राघव आदि लोग मौजदूर रहे।

रोटरी क्लब व बेनेट यूनिवर्सिटी ने आयोजित की मैराथन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। रोटरी क्लब के सचिव शुभम सिंघल ने बताया बेनेट यूनिवर्सिटी में आयोजित दिल-से-मैराथन का उद्देश्य युवाओं में हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डालना था।

रोटरी क्लब ऑफ ग्रेटर नोएडा और बेनेट यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के सहयोग से यह कार्यक्रम संकाय समन्वयक डॉ. पलख जैन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। मुकुल गुप्ता के नेतृत्व में छात्र टीम ने कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास किया।

मैराथन ने युवा पीढ़ी के बीच हृदय स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया, जिसमें नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवन शैली विकल्पों के महत्व पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों और आयोजकों ने समान रूप से समुदाय में हृदय संबंधी मुद्दों से निपटने के प्रयासों को जारी रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

दिल-से-मैराथन ने महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी प्राप्त की, जिससे स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए

समुदाय के समर्पण पर प्रकाश डाला गया। सहयोगात्मक प्रयासों और सामुदायिक जुड़ाव के माध्यम से, इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य सभी के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल समाज बनाना है। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष कपिल शर्मा, कपिल गुप्ता, मुकुल गोयल, शुभम सिंगल , मोहित बंसल, मनोज गोयल, श्रुति सिंघल, नीतू बंसल आदि उपस्थित रहे।

बेनेट यूनिवर्सिटी से मोहम्मद अरशद, हिमांशु सिंह, मिताली सिंह, दीक्षा गोविंद, विश्वजीत कुमार, स्पर्श राज, इशिका अग्रवाल, अचल सेठी, रीत अग्रवाल, विनायक किशोर, और श्रेष्ठ मित्तल रहे।

प्रधानमंत्री जो कहते हैं वह करते हैं : प्रणीत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के प्रथम जिला अध्यक्ष रहे एवं गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट के संयोजक प्रणीत भाटी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करते हैं भाजपा के एजेंट में एजेंडा में का को लागू करने की बात थी। एजेंडा लागू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों में सताए गए अल्पसंख्यक जो जान बचाकर भारत आए और वर्षों से शरणार्थी के रूप में गुजर बसर कर रहे हैं। उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने से सम्मान से जीने का हक मिलेगा। उन्होंने कहा कि का केंद्र सरकार का स्वागत योग फैसला है। वर्षों से

भारत में सरणार्थी के रूप में रह रहे लोगों को मानवी एवं सामाजिक रूप से जीने का अधिकार प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का ऐतिहासिक कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही ऐसा फैसला ले सकते हैं।

यूपीपीसीएल के दफ्तर पर किसान सभा ने किया प्रदर्शन

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ईटेडा ग्राम में स्थित नोएडा सेकंड के यूपीपीसीएल के अधिशासी अभियंता के दफ्तर पर किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने सैकड़ो की संख्या में प्रदर्शन किया। किसान सभा के रोजा, ईटेडा, पतवारी गांव की कमेटियों के साथियों ने अपने-अपने गांव में जर्जर तारों को बदलवाने ट्रांसफार्मर को कनेक्शन के अनुसार क्षमता बढ़ाने एवं गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लगाने के मुद्दों पर जोरदार प्रदर्शन किया बिजली घर पर बिजली अफसर के विरुद्ध नारेबाजी की।

अधिशासी अभियंता 11.30 बजे तक भी अपने दफ्तर पर उपस्थित नहीं थे जिसकी शिकायत मेरठ में चीफ इंजीनियर

से की गई।

इस अवसर पर असिस्टेंट इंजीनियर ने किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर, जिला अध्यक्ष डॉ रुपेश वर्मा, दुष्यंत, सुरेंद्र यादव, गवरी मुखिया, सतीश यादव, सतबीर यादव, पदम सिंह यादव, महासचिव जगबीर नंबरदार निरंकार प्रधान गौरव यादव बुधपाल यादव सतीश गोसाई विजय यादव सुरेश यादव एमपी यादव आदि मौजूद रहे।

जन-जन के नेता है डा. महेश शर्मा : विश्नोई

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को चौथी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। डॉ महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रर्यावरण समाज सेवक एवं भाजपा नेता नीटू विश्नोई एडवोकेट ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा जन जन के नेता हैं और उन्होने अपने कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र का जो विकास का काम करवाया है। वह धरातल पर है। उन्होंने कहा कि हर समाज का

डॉ महेश शर्मा को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है। उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में डॉक्टर महेश शर्मा पांच लाख से अधिक मतों से विजय हासिल करें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता डॉ महेश शर्मा को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उन्होंने ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा लोकप्रिय भाजपा नेता के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का निदान करने वाले भी नेता हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा कभी भी विकास को अनदेखा नहीं किया।

भव्य देवी जागरण का कार्यक्रम कल

नोएडा (चेतना मंच)। कल नंगला चरण दास गांव में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जागरण के बाद भंडारे का भी आयोजन होगा यह जानकारी भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के नोएडा महानगर के पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया कि कल 13 मार्च को गांव में भव्य देवी जागरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

देश की जनता का ध्यान भटका रही है भाजपा : खान

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव चौधरी हसरूद्दीन खान राजपूत ने कहा कि सीएए कानून लागू करना यह पूरी तरह से चुनावी स्टंट है। चुनाव में भाजपा की हार हो रही है। ऐसे में भाजपा ने धर्म की राजनीति शुरू करने के लिए सीएए लागू किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले पूरी तरह से देश को सांप्रदायिकता की आग में झोंकना चाहती है उन्होंने कहा कि भाजपा का एकमात्र ऐजेडा है। चुनावी बढ़त लेने के लिए ध्रुवीकरण करके किसी भी तरीके से बड़े वर्ग को यह सब्ज बाग दिखाया जाए कि उनकी हितैषी भाजपा ही है।

असल मुद्दों से देशवासियों का ध्यान भटकने के लिए ऐसा कदम उठाया है। नॉर्थ ईस्ट में इसके पहले सीएए को वापस लेना पड़ा था। अब चुनावी समय में इसे लागू कर रही है। आने वाले समय में देश की जनता भाजपा को सबक सिखाने का काम करेगी।

ऐतिहासिक होगी 14 मार्च की महा पंचायत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 मार्च को होने वाली किसान महापंचायत को लेकर कल दनकौर में भारतीय किसान यूनियन की एक बैठक हुई। बैठक में महापंचायत को लेकर रणनीति तय की गई। बैठक में भारी संख्या में किसान मौजूद रहे। बैठक में पहुंचे किसानों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष पवन खटाना ने कहा कि महापंचायत में प्रदेश के सभी जिलों से भारी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्राली बस गाड़ी और रेल मार्ग से रामलीला मैदान में कल ही पहुंचना शुरू हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 14 मार्च की महापंचायत ऐतिहासिक होगी। इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि महापंचायत की सफलता को लेकर गांव गांव में जनसंपर्क किसानों से किया जा रहा है। इस अवसर पर किसान नेता मटरू नागर ने कहा कि सरकार को नींद से जगाने के लिए एनसीआर के किसान अपनी मांगों को लेकर 1 दिन का धरना प्रदर्शन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा से किसान हित की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ती रहेगी मटरू नागर ने कहा कि किसानों की समस्या को सुनने को राजी नहीं है और यही कारण है कि आज किसान सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन शुरू करना प्रारंभ कर दिए हैं।

प्रतिनिधिमंडल एसीईओ से मिला

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। प्राधिकरण के जल निगम के ट्यूबवेल ऑपरेटर ने किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान के नेतृत्व में किसान मज़दूर संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने एसीईओ आशुतोष द्विवेदी एवंजीएम जितेंद्र गौतम से मुलाक़ात की।

इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विकास प्रधान ने कहा कि पम्प आपरेटरो की मुख्य माँग जेम पोर्टल से जुड़ना है। समस्याएं लंबे समय से चल रही है जिसमें बहुत सारे कर्मचारियों का ईएसआई पीएफ नहीं मिला है न समय से सैलरी आती है न कोई मेडिकल सुविधा है केई मुद्दों को लेकर एसीईओ से सकारात्मक चर्चा हुई है। संगठन किसान मज़दूर गरीबों के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। इस मौक़े पर डा विकास प्रधान आलोक नागर कृष्ण नागर लौकेश भाटी नरेंद्र भाटी अनिल कसाना मोहित भाटी ओमप्रकाश अखिल भाटी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

Name Change

This is to inform you that I, Krishna D/o Sumer, have changed my name to KIRSAN D/o Summer. My Correct Date of Birth is 01/01/1972, Going forward, I will be known on the name of KIRSAN D/o Summer.

पॉवर एंजेल्स का सम्मेलन आयोजित

नोएडा (चेतना मंच)। दादरी ब्लॉक के कुमारी मायावती राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कंपोजिट विद्यालयों की कक्षा-6, 7 एवं 8 से उत्कृष्ट कार्य करने वाली पावर एंजेल्स का एक दिवसीय सम्मेलन और सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपशिक्षा निदेशक एवं डायट प्राचार्य राज सिंह यादव , जीजीआईसी बादलपुर की प्रधानाचार्या छवि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बादलपुर कोतवाली की महिला प्रभारी शिवानी पाल एवं डायट मेंटर अर्चना पाण्डेय की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कराकर किया गया। इस कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालयों की छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में नृत्य, प्ले, कविता ,स्पीच आदि की प्रस्तुतियां दी गई।

जिसमें कंपोजिट विद्यालय बोडाकी की छात्रा का तृतीय स्थान कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर डासना की छात्राओं ने द्वितीय स्थान और कंपोजिट विद्यालय जॉनसमाना की छात्राओं द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इस मौके पर बादलपुर कोतवाली की महिला प्रभारी शिवानी पाल बालिकाओं को आगे बढ़ाने और उनके सशक्तिकरण की बात कर प्रेरित किया।

सादोपुर की अभिभावक सपना, विद्यालय प्रबंध समिति में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए जौनसमाना से प्रतिभा, मथुरापुर से प्रियंका, घोड़ी बछड़ा से राधा देवी और पूजा को सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों के लिए प्रेरणा बनी दुजाना की उत्तर प्रदेश NIS कबड्डी टीम की मोनिका नागर, श्रेष्ठा की परीक्षा पास करने पर डेरी मच्छा की मानवी और मंडल खेलों में प्रतिभाग करने वाली जौनसामाना की तनु को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संयोजन बीईओ नरेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, बालिका शिक्षा ब्लॉक नोडल ममता शर्मा एवं महेश कुमार द्वारा किया गया। जिसमें श्वेता सोमवंशी, प्रियंका मिश्रा, सुधा राय, मनीषा, एसआरजी रश्मि त्रिपाठी, एआरपी नेहा कुशवाहा, एआरपी शौकत अली द्वारा सहयोग किया गया।

इस मौके पर सुषमा रानी, कोमल चावला, अनुपमा, मीनाक्षी गुप्ता, मीरा, मुदिता चंदेल, प्रियंका राय, विमला, रंजना कुमारी एवं सभी सुगमकर्ता उपस्थित रहे।

भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले गांव शाहदरा सेक्टर-142 स्थित चल रहा धरना। धरने में भाकियू (बलराज) के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी मौजूद रहे।

खोया पाया

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुलविंदर कौर पत्नी श्री कुलदीप सिंह, फ्लैट संख्या F-1202, ट्राइडेंट एंबेसी, थाना-बिसरख, सेक्टर-1 ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जिला गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) उक्त फ्लैट मेरे /मेरे पति कुलदीप सिंह के नाम से है। उक्त फ्लैट का कब्जा हस्तांतरण प्रमाण पत्र (Certificate of transfer of possession) कहीं खो गया है। जिसका उपयोग किसी अन्य द्वारा अवैध होगा। मिलने पर उपरोक्त पते में संपर्क करें।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः- 2024-मार्च-01 दिनांकः 06.03.2024

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबन्धक / इंजीनियरिंग / उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं: 01	निविदा सं.: 2024-मार्च-01-01	अनुमानित लागतः₹ 9621507.13

कार्य का विवरणः अ. मथुरा - अछनेराः मथुरा जं., भैंसा, परखम में लूप लाइन का 3.80 किमी टी. आर. आर. सैकंडरी तथा विभिन्न कार्य । **ब.** जाडोली का बासः गुड्स साइडिंग का प्रावधान । **स.** मथुरा- अलवर खंड के बीच बेढम, ब्रजनगर, जाडोली का बास, रामगढ़ तथा ऊँटवाड़ स्टेशनों पर गहरी छनाई का कार्य ।

क्रम सं: 02	निविदा सं.: 2024-मार्च-01-02	अनुमानित लागतः₹ 12080335.00

कार्य का विवरणः व. मंडल इंजीनियर प्रथम आगरा के संपूर्ण क्षेत्र में मोबाइल फ्लैश बट प्लांट के उपयोग से सभी प्रकार के रेल खंड नये/द्वितीयक, सैस या स्थल पर 20 रेल पैनल/3 रेल पैनल/2 रेल पैनल / फ्री रेल की फ्लैश बट वैल्डिंग का कार्य ।

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 28.03.24 को 15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। 412/24(DG)

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in

ग्रेनो प्राधिकरण व अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के बीच हुआ एमओयू

ग्रेटर नोएडा में अधिक निवेश की खुलेगी राह

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के बीच मेमोरंडम साइन हो गया है। इससे ग्रेटर नोएडा में आर्थिक, व्यापारिक, शैक्षणिक और इनवायर्नमेंट आदि क्षेत्रों में निवेश की राह खुल गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर एसीईओ मेधा रूपम और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी, वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर ने एमओयू पर ऑनलाइन हस्ताक्षर किए।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ सिस्टर सिटी के रूप में एग्रीमेंट करने के लिए प्राधिकरण काफी समय से प्रयासरत है। अब इसे अमली-जामा पहना दिया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के बीच मेमोरंडम साइन हो गया है। दोनों शहरों के बीच षिक्षा, व्यापार, संस्कृति, बायोटेक, कृषि, फार्मास्यूटिकल, सूचना और तकनीक आदि का सीधे आदान-प्रदान करने में सहूलियत होगी। एक-दूसरे के प्रतिनिधि दोनों शहरों में जाकर अध्ययन कर सकेंगे। इससे पहले इस तरह का एग्रीमेंट वाराणसी, लखनऊ, आगरा आदि शहरों और अलग-अलग देषों के बीच सिस्टर सिटी एग्रीमेंट हो चुके हैं। बता दें कि विगत जनवरी माह में अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर तीन अन्य प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण आए थे। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर इसकी रूपरेखा तय कर ली थी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से भी प्रस्तुतिकरण के जरिए नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर, रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, मेट्रो कनेक्टीविटी, एक्सप्रेसवे, ग्रीनरी, बड़ी कंपनियों, शिक्षण संस्थानों, डाटा सेंटर हब, आईआईटीजीएनएल, मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब व मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब आदि की उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रेटर नोएडा व आईआईटीजीएनएल के अलग-अलग हिस्से में जाकर इंफ्रास्ट्रक्चर को भी देखा। अब इस परियोजना को अमली जामा पहना दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा की सड़कें बनेंगी इको फ्रेंडली

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। आधुनिक तकनीक के जरिए ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में और पारदर्शिता तथा गुणवत्ता बढ़ाने के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सोमवार को केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) दिल्ली के साथ एमओयू साइन कर लिया है। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग और सीआरआरआई दिल्ली की प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ अंबिका बहल ने हस्ताक्षरित एमओयू का आदान-प्रदान किया। सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में वेस्ट मैटेरियल से बनी टाइल्स का फुटपाथ बनाने समेत कई अन्य कार्यों में भी सहयोग करेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की पहल पर विकास कार्यों में आधुनिक तकनीकों की मदद से गुणवत्ता सुधारने के लिए सीआरआरआई के साथ सोमवार को एमओयू साइन कर लिया गया है। सीआरआरआई की तकनीकी सहायता से ग्रेटर नोएडा में सड़कों के निर्माण में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता और बढ़ाने में मदद मिलेगी। साथ ही वेस्ट मैटेरियल से बनी पेवर ब्लॉक टाइल्स का इस्तेमाल कर फुटपाथ बनाने में भी सहयोग करेगा। इससे पहले ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम और एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग व परियोजना विभाग की टीम सीआरआरआई परिसर में जाकर तकनीकों का अध्ययन कर चुकी है। एमओयू के दौरान सीआरआरआई से मिलने वाली सेवाओं पर भी चर्चा की गई। एमओयू होने से सीआरआरआई ग्रेटर नोएडा में सड़कों को ईको फ्रेंडली बनाने, आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने, सड़कों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बढ़ाने समेत कई बिंदुओं पर अपनी कंसल्टेंसी देगा।

प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में फुटपाथ बनाने के लिए पॉलिथीन व अन्य कंस्ट्रक्शन वेस्ट मैटेरियल से तैयार पेवर ब्लॉक टाइल्स का भी इस्तेमाल करेगा। प्राधिकरण सीआरआरआई को वेस्ट मैटेरियल देगा, जिसके एवज में केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान ग्रेटर नोएडा को सस्ती दरों पर पेवर ब्लॉक टाइल्स उपलब्ध कराएगा। इसका इस्तेमाल ग्रेटर नोएडा में सड़कों के किनारे फुटपाथ बनाने में किया जाएगा। पेवर ब्लॉक टाइल्स वेस्ट मैटेरियल से बनेंगी। ये पेवर ब्लॉक टाइल्स पर्यावरण के लिए भी अनुकूल होंगी। इसकी दरें कम होने से पैसों की बचत भी होगी। ये टाइल्स लंबे समय तक चलेंगी। इनके रखरखाव पर भी बहुत कम खर्च होगा। इस दौरान ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक आरए गौतम, राजेश गौतम के अलावा सीआरआरआई की टीम के अधिकारीगण मौजूद रहे।

इफको में लखपति दीदियों को बांटे गये ड्रोन

प्रयागराज (ब्यूरो)। नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत इफको फूलपुर कार्डेट परिसर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरक उपस्थिति (वर्चुअल माध्यम) में 104 महिलाओं को ड्रोन प्रदान किया गया। वर्चुअल माध्यम से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया,ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री गिरीराज सिंह तथा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा उपस्थित रहे। देश के विभिन्न हिस्सा से महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी तथा लखपति दीदी योजना व नमो ड्रोन दीदी योजना से लाभांवित महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सीधा संवाद किया।

इफको कोर्डेट में राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय ने नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के इस्तेमाल व इसके लाभ के बारे में विस्तार से बताया। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने कहा कि अगर हम बदलाव का साथ नहीं देंगे तो हम विकास नहीं कर पाएंगे। मशीनों के इस्तेमाल से हमारे कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तीकरण की सोच तथा इफको प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी का अथक प्रयास है, जो किसानों के हित के लिए ही कार्य कर रहे हैं। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी व सासंद केशरी देवी पटेल ने आधी आबादी का ध्यान रखने के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

इफको कोर्डेट से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी 104 महिलाओं को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रेखा मिश्रा ने किया। इस दौरान संयुक्त निदेशक उर्वरक विभाग गीता मिश्रा, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल , विधानपरिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी , महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमशः अनिता मिश्रा, ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर,इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी व महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव,कोर्डेट प्रधानाचार्य डॉ हरीशचन्द्र, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी व अन्य बड़ी संख्या में इफको कर्मचारी व किसान कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

आधुनिक जीवन शैली ने मनुष्य को बनाया बीमार : डा. हांडू

नई दिल्ली (एजेंसी)। अपनी स्थापना के गौरवपूर्ण 100 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष में रेलवे का केंद्रीय अस्पताल इस वर्ष मार्च माह में अपना शताब्दी समारोह मना रहा है । इस दौरान केंद्रीय चिकित्सालय में पूरे मार्च माह में प्रत्येक कार्य दिवस में एक विशेष जागरूकता कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर 'उच्च रक्तचाप व कोरोनरी धमनी रोग' विषय पर एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।

कैंप का शुभारंभ केंद्रीय चिकित्सा निदेशक डॉक्टर एस के हांडू ने किया । इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार थे। उन्होंने उच्च रक्तचाप व हृदय की धमनियों के रोग ग्रस्त होने में मुख्यत: आधुनिक जीवन शैली तथा फास्ट फूड ,भोजन में पोषण की कमी, भागम भाग जीवन शैली तथा पर्याप्त नींद की कमी को जिम्मेदार बताया।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि 40 की उम्र के बाद के व्यक्तियों को नियमित अंतराल पर अपना चेकअप जरूर करना चाहिए। उन्होंने लोगों से स्वस्थ जीवन शैली अपनाने व इस विषय पर जागरूकता फैलाने की अपील भी की । कैंप में अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ उषा यादव (पैथोलॉजी विशेषज्ञ) ने मंच का संचालन किया।

इस दौरान कैंप में अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉक्टर मंजू लता हांडू , अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर रीना अग्रवाल,अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक अस्थि शल्य विशेषज्ञ डॉक्टर एस एस नायक तथा वरिष्ठ मंडल चिकित्सा अधिकारी बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनुराग यादव ने भी मंच साझा किया तथा अपने-अपने ज्ञान व अनुभव को लोगों के बीच रखा । इस कैंप को सफल बनाने में मुख्य नर्सिंग अधीक्षक श्रीमती मोडेस्टा टोपनो , सीता रानी गुप्ता, सुमंती तथा मुख्य फार्मासिस्ट श्री राजकुमार ,सत्येंद्र कुमार व स्वास्थ्य शिक्षा प्रसारक श्री श्रवण कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पृष्ठ एक के शेष....

गार्ड की पीट...

बताया जा रहा है कि सोमवार रात कृष्णा ने कुछ लोगों के साथ बैठकर शराब पी थी। इसी दौरान किसी बात पर हुए विवाद में उन लोगों ने कृष्णा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। सिर पर किसी भारी वस्तु से वार करने पर कृष्णा की मौत हो गई।

यूपी को तीन वंदे भारत...

वंदे भारत ट्रेन को प्रयागराज तक विस्तार देने के लिए पीएम मोदी का आभार जताया।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने देश को 10 नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है। इनमें पीएम ने लखनऊ-देहरादून, पटना-लखनऊ और रांची-वाराणसी के लिए भी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। वहीं, गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का एक्सटेंशन प्रयागराज तक किया गया है।

सीएए के खिलाफ...

लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नागरिकता कानून के तहत कुछ धर्मों के लोगों को ही नागरिकता दी जाएगी, जो संविधान के खिलाफ है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को ही सीएए कानून लागू करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। गौरतलब है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) ने सीएए को चुनौती देते हुए रिट याचिका भी दायर की थी। आईयूएमएल ने सीएए के खिलाफ दायर अपनी रिट याचिका में अंतरिम आवेदन दिया, जिसमें आईयूएमएल ने तर्क दिया कि किसी कानून की संवैधानिकता तब तक लागू नहीं होगी, जब तक कानून स्पष्ट तौर पर मनमाना हो।

सीएए लागू होने...

179 पीएसी की कंपनियां और सीएपीएफ की 100 कंपनियां तैनात की गई हैं। पुलिस विभाग के पास उपलब्ध सभी उपकरण जैसे अग्निशमन सेवा वाहन, बॉडी-बोर्न कैमरे और दंगा ड्रिल उपकरण का उपयोग हमारी फील्ड टीमों द्वारा उचित तरीके से किया जा रहा है। नियमित गश्त की जा रही है।

नोएडा में अब...

10 डिग्री ज्यादा हो जाएगा। ऐसे में तापमान को किस तरह से मैनटेन किया जाए इस पर काम किया जा रहा है।

प्राधिकरण ने बताया कि जिस कंपनी को सलाहकार के रूप में चुना गया है। उसने उत्तराखंड और अन्य प्रदेश ठंडे स्थानों पर ग्लास हाउस बनाए है। जिससे वहां तापमान का इतना असर नहीं होता। लेकिन नोएडा में तापमान 40 से 45 डिग्री तक चला जाता है। इसलिए यहां पूरी रिसर्च के बाद ही ग्लास हाउस बनाया जाएगा।

विद्युत विभाग के...

विद्युत विभाग ने आश्वासन दिया था कि अब ये बिल नहीं भेजे जांएगे। लेकिन फिर उद्यमियों को प्रोवीजनल बिल भेजे जा रहे हैं। प्रोवीजनल बिल के बिना विद्युत विभाग वर्तमान बिल का भुगतान लेने से मना कर रहा है। श्री मल्हन का तर्क है कि जब नियमित बिलों का उद्यमी भुगतान कर रहे हैं तो एडवांस बिल जमा कराने का कोई औचित्य नहीं है।

उन्होंने मांग की है कि वर्तमान बिल के अतिरिक्त उद्यमियों से एडवांस बिल की वसूली न की जाए। श्री मल्हन ने मुख्य अभियंता से मांग की है कि संबंधित सभी डिवीजन को इस आशय के निर्देश भेजे जाएं ताकि उद्यमियों का उत्पीड़न न हो सके।

सेक्टर-34 में...

इस दौरान नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक गौरव बंसल, आरडब्ल्यूएअध्यक्ष के.के. जैन, महासचिव धर्मेंद्र शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जे.के. याचू, प्रबंधक गौरव शुक्ला, अवर अभियंता प्रेम शंकर, सुनील कश्यप आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे ।

फोनरवा का शपथ...

जीएस सचदेवा, संयुक्त सचिव सुशील कुमार शर्मा, कोशिंदर यादव, हितेश कुमार गुप्ता, राजेश सिंह, सचिव विधिक उमाशंकर शर्मा, संयुक्त कोषाध्यक्ष भूषण शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी।

आज इस कार्यक्रम को लेकर फोनरवा के पदाधिकारी ने एक बैठक की। जिसमें 16 मार्च को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।

सात्विक और चिराग की जोड़ी ने दूसरी बार फ्रेंच ओपन बैडमिंटन खिताब जीता

पेरिस ।

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। सात्विकसाईराज और चिराग ने पुरुष युगल में चीनी ताइपे के ली झे-ह्यूई और यांग पो-हुआन की जोड़ी को सीधे गेम में 21-11, 21-17 से हरा दिया। इस जोड़ी ने दूसरी बार ये खिताब जीता है। इससे पहले इस जोड़ी ने साल 2022 भी ये खिताब जीता था। यह जोड़ी साल 2019 में भी फ्रेंच ओपन में उपविजेता रही थी। सात्विक और चिराग ने ली और यांग को आधे घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21-11, 21-17 से हराकर सत्र का पहला खिताब जीता है। सात्विकसाईराज और चिराग की जोड़ी ने इससे पहले मलेशिया सुपर 1000, इंडिया सुपर 750 में दूसरे स्थान पर रही थी।

मार्श और कैरी की शानदार बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से सीरीज जीती

दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड को 3 विकेट से हराया

क्राइस्टचर्च।

मिचेल मार्श 80 और एलेक्स कैरी 98 की आक्रामक बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने न्यूजीलैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी 3 विकेट से हराकर 2-0 से सीरीज जीत ली है। इस मैच में जीत के लिए मिले 279 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में सात विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 162 जबकि दूसरी पारी में 372 रन बनाये थे। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 256 रन बनाये थे और इस प्रकार उसके पास 94 रनों की बढ़त थी।

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क ने मेजबान टीम को पहली पारी में 162 रनों पर ही समेट दिया। हेजलवुड ने 5 जबकि स्टार्क ने 3 विकेट लिए। कीवी टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम ने सबसे अधिक 38 रन बनाये।

इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मार्नस लाबुशान के अर्धशतक 90 रन की सहायता से अपनी पहली पारी में 256 रन बनाये। इस प्रकार उसे पहली पारी के आधार पर 94 रनों की बढ़त मिली। मेजबान टीम की ओर से मैच

हेनरी ने 67 रन देकर सात विकेट लिए। दूसरी पारी में रचिन रविंद्र, टॉम लेथम और डेरेल मिचेल के अर्धशतकों से मेजबान टीम ने 372 रन बनाकर कंगारुओं को 279 रनों का लक्ष्य दिया। इस लक्ष्य को मेहमान टीम ने हासिल कर लिया।

मार्श ने 102 गेंद पर 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 80 रन बनाये जबकि कैरी ने 123 गेंद पर 98 रन की नाबाद पारी खेली।

नेत्रहीन क्रिकेटरों की प्रतिभा दिखाने पांच मैचों की सीरीज खेल रही भारत और श्रीलंका

नई दिल्ली । भारतीय पुरुष नेत्रहीन क्रिकेट टीम श्रीलंका के खिलाफ में पांच मैचों की एक टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज करनैल सिंह स्टेडियम में शुरू होगी। हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा समर्थत ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड और क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया के सहयोग से ये सीरीज हो रही है। इसका लक्ष्य इन क्रिकेटरों की प्रतिभा सभी के सामने लाना है। इसके साथ ही विकलांग लोगों के लिए जागरूकता बढ़ाने और समावेशिता को बढ़ावा देना भी है। नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला से पहले एक समारोह भी होगा। डॉ महंतेश जी. किवदसन्नावर, अध्यक्ष क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया ने कहा, पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए दिल्ली में श्रीलंकाई ब्लाइंड क्रिकेट टीम की मेजबानी करना सम्मान की बात है। यह दोनों टीमों के लिए अपनी क्रिकेट प्रतिभा से हम सभी का मनोरंजन करने का एक अवसर है। पाकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में भारत की हालिया जीत के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। अब उसका लक्ष्य श्रीलंका के खिलाफ भी बेहतर प्रदर्शन करना रहेगा।

आईसीसी बैठक में बीसीसीआई पर चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने दबाव बनाएगा पीसीब

लाहौर । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के नये प्रमुख मोहसिन नकवी अब चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम की भागीदारी के लिए प्रयास कर रहे हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल पाक में खेली जाएगी और पीसीबी चाहता है कि इसके लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अपनी टीम भेजे। वहीं भारतीय टीम मुम्बई में हुए आतंकी हमले के बाद से ही पाक दौरे पर नहीं जा रही। इसी कारण पीसीबी के नये प्रमुख मोहसिन नकवी अगले सप्ताह दुबई में होने वाली आईसीसी बैठक के दौरान चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लेने को लेकर बीसीसीआई से बात करेंगे। पीसीबी के नये प्रमख को उम्मीद है कि इस बैठक में वह बीसीसीआई सचिव जय शाह को वह मना लेंगे पर ये संभव नहीं लगता है। नकवी की योजना आईसीसी अधिकारियों के साथ ही बीसीसीआई सचिव शाह से भी बात करने की है हालांकि 2025 में फरवरी-मार्च में होने वाले टूर्नामेंट के लिए बीसीसीआई अभी से पाक यात्रा को लेकर कोई जबाव शायद ही दे पाये क्योंकि इसमें अभी तकरीबन एक साल का समय है। गौरतलब है कि चैम्पियंस ट्रॉफी के आईसीसी टूर्नामेंट होने के कारण भारतीय बोर्ड भी पूरी तरह इस टूर्नामेंट के लिए इंकार नहीं करेगा पर टीम भेजने पर अंतिम फैसला भारत सरकार की अनुमति के बाद ही लिया जा सकता है। वहीं पीसीबी का मानना है कि बीसीसीआई ने जिस प्रकार एशिया कप में अपने मुकाबले श्रीलंका में खेले थे। वैसा इस बार नहीं होगा। वहीं जब बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा , ''पाक में खेलने पर फैसला केवल भारत सरकार ही कर सकती है और बीसीसीआई को सरकार के आदेश का पालन करना होगा। इसके लिए अभी से अनुमति नहीं मांगी जा सकती है।

बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में हो सकती है शमी की वापसी : जय शाह

धर्मशाला

टखने की सर्जरी से उबर रहे भारत के प्रमुख तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस साल सितंबर में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला के के दौरान वापसी कर सकते हैं। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने दी। शमी इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला से बाहर रहे। पिछले महीने हुई टखने की सर्जरी के कारण वह बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 22 मार्च से शुरू हो रहे आगामी सत्र से भी बाहर रहेंगे। जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका की मेजबानी में होने वाले टी20 विश्व कप में भी उनकी भागीदारी की संभावना नहीं है। शमी ने भारत के लिए अपना पिछला मैच एकदिवसीय विश्व कप में खेला था। भारत सितंबर में दो टेस्ट और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए बांग्लादेश की मेजबानी करेगा। शाह ने कहा, 'शमी की सर्जरी हो गई है, वह भारत वापस आ गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए शमी की वापसी की संभावना है। लोकेश राहुल को इंजेक्शन की जरूरत थी, उन्होंने रिहैब (चोट से उबरने की प्रक्रिया) शुरू कर दिया है और एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) में हैं। राहुल दाहिने क्वाड्रिसेप्स (जांघ की मांसपेशियां) में दर्द की शिकायत के बाद इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के आखिरी चार मैच नहीं खेल पाए थे। लंदन में इलाज कराने के बाद उनके आईपीएल में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने की उम्मीद हैं। बीसीसीआई सचिव ने ऋषभ पंत पर की चोट से उबरने और खेल में वापसी पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा पंत आईपीएल में वापसी के लिए तैयार है। पंत दिसंबर 2022 में एक भीषण कार दुर्घटना के बाद से खेल से दूर है। शाह ने कहा, 'वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा है, वह अच्छी कीपिंग कर रहा है। हम जल्द ही उसे फिट घोषित कर देंगे। अगर वह टी20 विश्व कप खेल सका तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात होगी। वह हमारे लिए एक अहम खिलाड़ी है। शाह ने कहा, 'अगर वह कीपिंग कर सका तो वह विश्व कप खेल सकता है। देखते हैं कि वह आईपीएल में कैसा प्रदर्शन करता है। इंडियन प्रीमियर लीग में विदेशी निवेश के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है क्योंकि बीसीसीआई कंपनी नहीं सोसाइटी है। उन्होंने कहा, 'बीसीसीआई सोसाइटी है और कोई इस में निवेश नहीं कर सकता है। पिछले साल खबर आई थी कि सऊदी अरब की नजर आईपीएल में अरबों डॉलर के निवेश पर है। भारत में पंजीकृत सोसायटी केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी के बिना विदेशी निवेश स्वीकार नहीं कर सकती है।

बजरंग ओलंपिक से बाहर हुए , विनेश ने महिला वर्ग में नहीं होने दिये ट्रॉयल

पटियाला ।



अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया को पेरिस ओलिंपिक के लिए प्रवेश नहीं मिला है। बजरंग को इससे पहले टोक्यो ओलंपिक में कांस्य मिला था। वहीं महिला वर्ग में पहलवान विनेश फोगाट ने हंगामा मचाकर ट्रॉयल ही रोक दिये। वीनेश ने महिलाओं के 50 किलो और 53 किलो वर्ग में चयन ट्रायल शुरू नहीं होने दिए। वीनेश की मांग थी कि 53 किलो भारवर्ग के आखिरी ट्रायल ओलिंपिक से पहले होंगे और इसके लिए उन्होंने अधिकारिकयों से लिखित में आश्वासन मांगा जिसके लिए अधिकारियों ने इंकार कर दिया। विनेश 50 किलोवर्ग के ट्रायल के लिए यहां साई केंद्र पहुंची थीं। वह पहले 53 किलोवर्ग में उतरती थी पर उस वर्ग में अंतिम पंघाल को कोटा मिलने के कारण उन्होंने अपना भारवर्ग कम किया। विनेश ने इसके बाद लिखित आश्वासन की मांग करते हुए प्रतिस्पर्धा शुरू ही नहीं होने दी। उन्होंने 50 किलो और 53 किलो दोनों में भाग लेने की अनुमति मांगी, जिससे अधिकारी मुश्किल में पड़ गये। ऐसे में 50 किलो भारवर्ग में उतरे पहलवान शिकायत करने लगे। उन्होंने कहा, हम ढाई घंटे से इंतजार कर रहे हैं। वहीं आईओए द्वारा गठित तदर्थ समिति पहले ही कह चुकी थी कि 53 किलो वर्ग के लिए अंतिम ट्रायल होगा, जिसमें इस भारवर्ग के शीर्ष चार पहलवान उतरेंगे। ट्रायल के विजेता को पंघाल से मुकाबला करना होगा और उसमें विजयी रहने वाली पहलवान ही भारत की ओर से ओलंपिक में उतरेगी। विनेश और बजरंग पूनिया पर पहले भी ये आरोप लगे थे कि वे बिना ट्रायल के ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहते हैं। ट्रायल के दौरान मौजूद एक कोच ने कहा, विनेश सरकार से आश्वासन चाहती हैं। उन्हें डर है कि अगर कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआई) के हाथ में फिर सत्ता आ गई तो चयन नीति बदल सकती है पर सरकार इस पर आश्वासन कैसे दे सकती है। सरकार चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं कर सकती।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का अभ्यास शिविर आज से

नई दिल्ली ।

हॉकी इंडिया ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 की तैयारियों को देखते हुए पुरुष हॉकी टीम के लिए भुवनेश्वर में मंगलवार से एक अभ्यास शिविर का आयोजन किया है।

इसके लिए 28 सदस्यीय सीनियर खिलाड़ियों के कोर समूह की घोषणा कर दी गयी है। ये शिविर 30 मार्च तक चलेगा और इससे राष्ट्रीय टीम और बेहतर बनकर उभरेगी। इससे पहले भारतीय टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन किया था। भुवनेश्वर और राउरकेला चरण में आठ मैचों में 15 अंक हासिल करने के बाद वर्तमान में भारतीय टीम तीसरे स्थान पर हैं। प्रो लीग लीग का अगला सत्र 22 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में एक बार फिर शुरू होगा। भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने आगामी शिविर को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि इससे हमें टीम को सर्वश्रेष्ठ स्थिति में लाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने साथ ही कहा कि ओडिशा में प्रो लीग मिनी-टूर्नामेंट एक शानदार परीक्षण मैदान साबित हुआ, लेकिन इसमें हमेशा सुधार की गुंजाइश होती है और हम प्रो लीग के अंतिम चरण तथा पेरिस 2024 ओलंपिक से पहले चीजों को ठीक करने की प्रयास करेंगे।

राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के मुख्य समूह में गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा और रक्षकों हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और अमीर अली को रखा गया है। वहीं शिविर में बुलाए गए मिडफील्डरों में मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह आदि हैं। फॉरवर्ड की बात करें तो आकाशदीप सिंह, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, बॉबी सिंह धामी और अरजीत सिंह हुंदल को रखा गया है।

इंग्लैंड टीम अपने खेल की समीक्षा करे : वॉन

टीम संस्कृति को नहीं अपना पाये खिलाड़ी

धर्मशाला ।

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि इंग्लैंड टीम को भारतीय टीम के हाथों मिली करारी हार से सबक लेते हुए अपने खेल की समीक्षा करनी चाहिये। वॉन ने कहा कि खिलाड़ी टीम संस्कृति को पूरी तरह से नहीं अपना पाए हैं जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ा है। वॉन ने कहा कि टीम को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल टीम के मैनेजर पेप गार्डियोला की रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन ने कहा, 'भारत दौरे में मिली इस सीरीज हार की ईमानदारी से समीक्षा होनी चाहिये। उन्होंने साथ ही कहा, 'मुझे नहीं लगता कि उन्हें सब कुछ बदलने की जरुरत है। वे इस हार के बाद भी काफी अच्छे खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'वे जो करने की कोशिश कर रहे हैं, मैं उसका सम्मान करता हूं और हर दिन जल्दी उठकर उन्हें देखता हूं क्योंकि उन्होंने अपनी आक्रामक रणनीति से प्रारूप को रोमांचक बनाया है। इससे हमेशा ऐसा लगता है कि मैच में कोई भी बदलाव आ सकता है। वॉन ने कहा, 'सबसे बड़ी निराशाजनक बात ये है कि बेहतर प्रतिभाएं होने के बाद भी वे दो बड़ी सीरीजों श्रृंखलाओं को जीतने में असफल रहे हैं। इस सीरीज में भी बल्लेबाज उम्मीद के अनुरुप नहीं खेल पाये। वॉन ने टीम प्रबंधन पर आरोप लगाया कि उसने खिलाड़ियों के प्रति बहुत नरम रवैया अपनाया है। शिविर में सकारात्मकता, मौज-मस्ती और हंसी-मजाक की भावना व्याप्त है पर इससे हमेशा ही अच्छे परिणाम नहीं आते हैं। उन्होंने कहा, 'हर साक्षात्कार में आप उत्साह, अवसर और मौज-मस्ती के बारे में वही बातें सुनते हैं, मैं पिछले कुछ वर्षों में उनमें से कई खिलाड़ियों और सहयोगी सदस्यों के साथ रहा हूं। उनकी भाषा प्रेरणादायक हो सकती है पर से हमेशा काम नहीं करती।

एंडरसन का रिकार्ड शायद ही कोई तेज गेंदबाज तोड़ पाये : ब्रॉड

लंदन ।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने अपने साथी खिलाड़ी जेम्स एंडरसन की जमकर प्रशंसा की है। ब्रॉड ने कहा कि किसी को भी उनके समर्पण और कौशल पर संदेह नहीं करना चाहिए। 41 साल की उम्र में भी जिस प्रकार वह गेंदबाजी करते हैं उससे सभी को प्रेरणा मिलती है। एंडरसन 700 टेस्ट विकेट पूरे करने वाले पहले तेज गेंदबाज हैं। ब्रॉड ने कहा, यह एक अभूतपूर्व उपलब्धि है और मुझे नहीं लगता कि कोई अन्य तेज गेंदबाज इस रिकार्ड की बराबरी कर पायेगा। साथ ही कहा कि बिना समर्पण और मानसिक लचीलेपन के कोई भी 41 साल की उम्र तक नहीं खेल सकता। पिछले दो दशक में उन्होंने अलग-अलग हालातों में खेलते हुए ये सफलता हासिल की है। ब्रॉड ने कहा, उन्होंने शीर्ष स्तर पर अच्छा प्रदर्शन करने के तरीके ढूंढ लिए हैं और अभी भी बेहतर करने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो यह असाधारण है। ब्रॉड ने कहा कि वह चाहते थे कि इस साल जुलाई से वेस्ट इंडीज और श्रीलंका के खिलाफ एंडरसन को अपना 700 वां विकेट लेते देखे पर ये उपलब्धि उन्होंने पहले ही हासिल कर ली। उन्होंने कहा कि ये तेज गेंदबाज इस साल 42 साल का हो जाएगा। ऐसे में वह कब तक टेस्ट गेंदबाज बने रहेंगे ये देखना होगा।

उन्होंने कहा, एंडरसन के संन्यास पर लोग सवाल पूछ रहे हैं पर ये कब होगा। इसका मुझे अंदाजा नहीं है। साथ ही कहा कि उसे पता चल जाएगा कि जाने का सही समय कब है, और केवल वह ही यह निर्णय ले सकता है। वहीं कप्तान बेन स्टोक्स और कोच ब्रेंडन मैकुलम चाहेंगे कि वह

ऑस्ट्रेलिया में एशेज को ध्यान में रखते हुए अगले 18-24 महीनों तक इसी प्रकार बेहतर प्रदर्शन करें पर एंडरसन तब तक 43 साल के हो जाएंगे और शायद वह इतना आगे के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

श्रेयस रणजी में भी विफल रहे

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर हुए बल्लेबाज श्रेयस अय्यर अब रणजी ट्रॉफी में भी असफल रहे हैं। मुंबई की ओर से खेलते हुए श्रेयस विदर्भ के साथ हुए फाइनल में भी रन नहीं बना पाये हैं। श्रेयस पहली पारी में केवल सात रन ही बना पाये। इस बल्लेबाज को हाल ही में बीसीसीआई केन्द्रीय अनुबंध सूची से भी बाहर कर दिया गया था। इसके बाद वह रणजी ट्रॉफी खेलने को तैयार हो गये थे। फाइनल से पहले हुए सेमीफाइनल में भी अय्यर रन नहीं बना पाये थे। इस मैच में विदर्भ ने टॉस जीतकर मुंबई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। अय्यर पहली पारी में पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पर वह केवल 7 रन ही बना पाये। वहीं इससे पहले सेमीफाइनल में भी अय्यर केवल 3 रन बना पाये थे। इससे पहले वह इंग्लैंड के खिलाफ खेले पहले दोनो टेस्ट मैचों में भी रन नहीं बना पाये थे। इसके बाद उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया था। श्रेयस खराब फिटनेस के कारण एकदिवसीय विश्वकप के बाद से ही टीम से बाहर थे। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज से उन्हें वापसी का अवसर मिला था पर वह लाभ नहीं उठा पाये और बाहर हो गये।

सचिन ने रणजी में मुंबई की बल्लेबाजी को साधारण बताया

नई दिल्ली । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल में मुम्बई की बल्लेबाजी को साधारण करार दिया है। सचिन ने कहा कि वह इस प्रकार के क्रिकेट से खुश नहं हैं। मुंबई के बल्लेबाज विदर्भ के खिलाफ अपनी पहली पारी में 224 रन ही बना पाये। तेंदुलकर ने कहा, अच्छी शुरुआत के बाद भी मुंबई के बल्लेबाजों ने साधारण क्रिकेट खेला। वहीं दूसरी ओर, विदर्भ ने चीजों को सरल रखा है और उसके गेंदबाज हावी रहे। साथ ही कहा कि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा। खेल में कई रोमांचक सत्र होंगे। विकेट पर घास है पर समय के साथ ही गेंद टर्न लेगी जिससे स्पिनरों को सहायता मिलेगी। पहली पारी में मुंबई की टीम 224 रन ही बना पायी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर जैसे खिलाड़ी भी रन नहीं बना पाये। अय्यर पहली पारी में पांचवे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे पर वह सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हो गए हालांकि, शार्दुल ठाकुर ने 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 75 रन बनाये। वहीं विदर्भ ने पहली पारी में 105 रन बनाए।

बच्चों के लिए होली को बनाएं सेफ और मजेदार

होली बच्चों में उत्साह भर देती है। इसे रंगों का त्योहार कहते हैं। एक-दूसरे को रंग लगाने के इस त्योहार को भाईचारे का प्रतीक माना जाता है। बच्चों को आप इस त्योहार के जरिए काफी कुछ सिखा सकते हैं। यहां पर हम आपको बच्चों के लिए होली मनाने के कुछ क्राफ्ट आइडियाज बता रहे हैं।

होली का रंग बनाएं

बाजार में मिलने वाले रंगों में केमिकल होते हैं जो स्किन और सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं इसलिए बेहतर होगा कि आप घर पर ही नैचुरल रंग तैयार करें। इस काम में आप अपने बच्चों की मदद लेना ना भूलें। आप एक कॉर्नस्टार्च, फूड कलर जेल की कुछ बूंदों और 1/3 कप पानी से रंग तैयार कर सकते हैं। घर पर रंग बनाने में बच्चों को भी बहुत मजा आएगा।

पिचकारी भी है जरूरी

बच्चों के लिए होली का त्योहार पिचकारी के बिना अधूरा होता है। आप अपने बच्चे के लिए उसकी फेवरेट पिचकारी या वॉटर गन लेकर आएं या फिर आप घर पर ही इसे तैयार कर सकते हैं या पुरानी पिचकारी को बच्चे के साथ मिलकर डेकोरेट कर सकते हैं। होली के दिन बच्चों को गॉगल्स पहनाहर पिचकारी चलाने को दें।

कलर करवाएं

जरूरी नहीं है कि बच्चे होली वाले दिन एक-दूसरे पर रंग फेंककर या पानी डालकर ही त्योहार मनाएं। आप बच्चे को होली के दिन पेंटिंग करने को भी दे सकते हैं। बच्चे के हाथ में पेंटब्रश और उसकी पसंद का कलर पकड़ाएं और उसे जमीन पर अपनी पसंद की ड्राइंग या कार्टून कैरेक्टर बनाने के लिए कहें। यकीन मानिए बच्चों को ड्राइंग करने में बहुत मजा आता है।

मल्टी कलर कपकेक

होली की शुरुआत बच्चे खाली पेट नहीं करना चाहेंगे। उनके लिए होली फुल मस्ती करने का फेस्टिवल है और आपको उनकी एंजॉयमेंट को बढ़ाने का काम करना है। आप होली के दिन अपने बच्चे के साथ मिलकर रंग-बिरंगे कपकेक बना सकते हैं। इन्हें बनाने ही नहीं बल्कि इन्हें खाने में भी बच्चों को बहुत मजा आएगा। इसके अलावा आप एडिबल कलर्स को डालकर भी होली की डिशेज को कलरफुल बना सकती हैं। इन्हें देखकर बच्चों का मन बहुत खुश हो जाएगा क्योंकि उन्हें कलर्स बहुत पसंद होते हैं।

हैंडक्राफ्ट बनवाएं

आप बच्चे से घर पर कुछ हैंडमेड क्राफ्ट की चीजें बनवा सकते हैं और फिर उन पर कलर करवा सकते हैं। हैंडमेड क्राफ्ट में प्लांट्स या बच्चे की पसंद का कोई भी टॉय वगैरह हो सकता है। इसे बनाने और फिर उन पर कलर करने में बच्चे को बहुत मजा आएगा। इस तरह होली का त्योहार उसके लिए यादगार बन जाएगा। आप उनके द्वारा बनाए गए क्राफ्ट को याद के तौर पर संजोकर भी रख सकते हैं।

युवा होते बच्चों को गलत रास्ते पर जाने से रोकें

बच्चों के कोमल मन को पढ़ पाना, उसे समझ पाना, बिना प्रतिक्रिया दिए, उनके मन की बात को पूरी संवेदना के साथ सुन पाना, एक अभिभावक के लिए बच्चों के मन में सदा के लिए घर बना सकता है। अगर आप से संवेदना नहीं मिली तो वे किसी और से भी इसकी उम्मीद नहीं कर पाएंगे।

- बच्चों की विकासशील अवस्था में क़दम-क़दम पर उन्हें आपकी ज़रूरत होती है। उस समय आपके उपलब्ध कराए हुए साधन आपकी कमी पूरी नहीं कर पाएंगे। आपका उनके लिए मौजूद होना, उनकी बात सुनने के लिए तत्पर रहना, उनके लिए अमूल्य है।
- बच्चों के कोमल मन को पढ़ पाना, उसे समझ पाना, बिना प्रतिक्रिया दिए, उनके मन की बात को पूरी संवेदना के साथ सुन पाना, एक अभिभावक के लिए बच्चों के मन में सदा के लिए घर बना सकता है। अगर आप से संवेदना नहीं मिली तो वे किसी और से भी इसकी उम्मीद नहीं कर पाएंगे।
- बच्चों के जीवन में क्या हो रहा है? उनके मोबाइल गेम, उनके कार्टून, उनके सोशल मीडिया एप्स, उनके 'रियल' और 'वर्चुअल' दोस्त, उनके पसंदीदा म्यूज़िकल बैंड, उनकी पसंदीदा वेब सीरीज़, उनकी पसंदीदा स्पोर्ट्स और खिलाड़ी, इनकी जानकारी रखना, इनके बारे में और जानने की उत्सुकता दिखाना, उनकी दुनिया में जाकर उनके साथ समय बिताना और उससे परिचित होना, उन्हें निश्चित रूप से आपके क़रीब लाएगा।
- 'तुम्हें ऐसा करना चाहिए', 'ऐसा नहीं करना चाहिए' इस तरह के निर्देशों से बच्चे बहुत जल्दी उकता जाते हैं। बढ़ते बच्चों के साथ ऐसा संवाद स्थापित कीजिए जहां आप उन्हें अपने समानांतर रखकर उनके मत का भी सम्मान कर पाएं। ऐसा करने से बच्चे अपनी बात आपसे खुलकर रख पाएंगे। उनके साथ आप स्वयं को भी और अपनी सोच को विकसित होने दें।
- अपने बच्चों से ख़राब हुए संबंधों को भी इन सिद्धांतों पर काम करके सुधारा जा सकता है। याद रखिए आपसे भी त्रुटियां हो सकती हैं। अपने अहंकार को बच्चों से ज़्यादा कभी बड़ा ना होने दें। जहां ग़लती हो उसे मानें, जहां हो सके वहां उन्हें भी क्षमा करें। बिना किसी शर्त के निश्छल स्नेह से बच्चों के मन को फिर से जीतने का ईमानदारी से प्रयास करें। बच्चे आपमें किसी निगरानी रखने वाले 'नैतिक जासूस' को देखकर हताश महसूस करते हैं। उनसे ऐसा संबंध विकसित करें कि आप उनकी सुरक्षा को लेकर अपनी चिंताओं को उनसे खुलकर कह सकें और साथ ही हर परिस्थिति में उनका साथ देने का आश्वासन भी दे सकें।
- बच्चों को आपकी और आपके प्यार की ज़रूरत है। एक क़दम आगे बढ़ाएं, उन्हें अपने क़रीब आने का मौक़ा दें। जिनसे दूरियां बन चुकी हैं उन्हें अपने मन में, अपने घर में लौटा लाएं।

जीवन मूल्य

जीवन में वर्क मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी

- दिनभर काम करने के बाद घर लौटकर आप चाहते हैं कि सब कुछ व्यवस्थित मिले। घर बिखरा है तो आपका मूड बिगड़ जाएगा। लेकिन निकलने से पहले घर को सुव्यवस्थित कर दें तो वापस आने पर थकान आधी होगी और परिवार के साथ समय बिता पाएंगे। वर्क मैनेजमेंट से खुश और हेल्दी रह सकते हैं। इससे जीवन के सभी पहलुओं को संभाला जा सकता है।
- कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के सैन डिएगो स्कूल ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन में पाया गया है कि आभार मानने वाले लोग अधिक खुश रहते हैं, बेहतर नींद लेते हैं, अधिक ऊर्जावान होते हैं। अपने साथ एक आभार पत्रिका रखें। हर दिन के अंत में ऐसी तीन चीजें लिखें, जिनके लिए आप आभारी हैं। इससे स्वास्थ्य में सुधार होता है और तनाव भी बहुत कम हो जाता है।

- सफल लोग अपने बहुमूल्य समय का अधिकतम उपयोग करते हैं। महात्मा गांधी यात्राओं के दौरान नींद लेते थे। नेपोलियन जब सेना के साथ युद्ध करने जाते तो रास्ते में पत्र लिखकर समय का सदुपयोग करते थे। बिल गेट्स मोबाइल पर ही जरूरी बातें करके इस सिद्धांत पर अमल करते हैं। वो जानते हैं कि समय बलवान होता है और इसके सदुपयोग से ही सफलता संभव है।
- अव्यवस्थित काम का सबसे आम उदाहरण है किसी कागज या फाइल का न मिलना। ऑफिस में काम करने वाले कागज या फाइल खोजने में हर दिन लगभग 30 मिनट बर्बाद करते हैं। आलस या जल्दबाजी में चीजों को सही जगह नहीं रखते, फिर उसे खोजने में ऑफिस या घर को अस्त-व्यस्त करते हैं। समय का बेहतरीन उपयोग करने के लिए व्यवस्थित जीवन जीना चाहिए।

जागरुकता

क्या करें जब बच्चे का घर में नहीं लगे मन

टीनएज बच्चों के साथ ऐसा खासतौर पर होता है क्योंकि इस उम्र में वो कई मानसिक और शारीरिक बदलावों से गुजरते हैं। घर एक ऐसी जगह है जहां हम कंफर्ट और सपोर्ट महसूस करते हैं और बाहर की दुनिया में जो कुछ भी चल रहा है, उससे लड़ने की ताकत इकट्ठा करते हैं। हालांकि, टीनएज बच्चों को घर पर भी बेचैनी महसूस होती है, ऐसे में पैरेंट्स को क्या करना चाहिए।

बच्चे को समझने की कोशिश करें

टीनएज बच्चों के लिए सबसे बड़ी मुश्किल यही होती है कि वो अपने पैरेंट्स से खुलकर बात नहीं कर पाते हैं और उन्हें ये चिंता रहती है कि वो उन्हें जज करेंगे और सोचेंगे कि उनका बच्चा कैसे विचार रखता है या उसकी लाइफ की कैसी प्रॉब्लम्स हैं। ज्यादातर बच्चों को यही लगता है कि बच्चों के विचार बचपने से भरे और इमैच्योर होते हैं। हालांकि, पैरेंट्स को अपने बच्चे को अपने ऊपर भरोसा दिलाना चाहिए कि वो उसे जज किए बिना उसकी प्रॉब्लम को हल करने की कोशिश करेंगे।

बेबी मत समझें

टीनएज वो उम्र होती है, जब बच्चे अपनी पर्सनैलिटी और हॉबी के बारे में जानते हैं और उन्हें समझ आता है कि वो कौन हैं और किस चीज में उन्हें मजा आता है। यूनिक रहने से ही आजादी महसूस होती है। स्ट्रिक्ट नियमों, टाइम टेबल और पैरेंट्स की उम्मीदों को लेकर अक्सर टीनएज अपना गुस्सा जाहिर करते हैं और आजादी की चाहत रखते हैं। आप अपने टीनएज बच्चे को बेपनाह प्यार, सम्मान और सपोर्ट के साथ ट्रीट करें लेकिन उसे अपनी पहचान भी ना खोने दें।

सुरक्षित माहौल में रखें

हमेशा बच्चे के लिए बात करने के लिए सुरक्षित जगह रखें। उसे अपने पैरेंट्स से बात करने में हिचकिचाहट महसूस नहीं होनी चाहिए। हो सकता है कि उसकी पसंद आपसे अलग हो लेकिन ये जरूरी नहीं है कि वो गलत हो। जब हम बिना जजमेंट के अपने टीनएज बच्चों को स्वीकार करते हैं तो इससे उन्हें जिंदगी की परेशानियों को सुलझाना आसान लगने लगता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।

जज करना बंद करें

टू फैट टू लाउड टू एंबिशियस की लेखिका देवीना कौर का कहना है कि हमें एक दूसरे से ईमानदार रहना चाहिए और अपने मन की बात शेयर करनी चाहिए। आपको खुद को हमेशा यह डर रहता है कि आपकी बात सुनकर लोग आपकी अवहेलना करेंगे या आपके प्रति गलत धारणा या उपेक्षा की जाएगी। यही चीज टीनएज भी सोचते हैं। ऐसे में पैरेंट्स को कोशिश करनी चाहिए कि उनके बच्चे को पता चले कि आप उन्हें जज नहीं करेंगे।

सहानुभूति रखें

भावनाओं को शेयर करने की प्रक्रिया को समझने की कोशिश करें। बच्चे सहानुभूति, दयालुता और धैर्य दिखने पर बेहतर तरीके से प्रतिक्रिया करते हैं और शायद वो अपने दिल की बात अपने मां-बाप को भी बता सकें।

दिमाग लगाओ

6	4	2
1	2	3
7	4	6
4	8	?

रंग भरो



शब्द बनाओ

it, in, you, on, my & we

q	u	n	m	o	n
a	v	i	t	e	r
w	e	b	j	t	g
d	r	e	a	d	y
h	u	m	y	a	w
y	o	u	z	i	n

रास्ता ढूंढ़ो



परिवार पर फोकस्ड हैं सेलिना जेटली

फिलहाल अपने परिवार पर फोकस्ड सेलिना जेटली भारतीय सिनेमा की जानी- मानी एक्ट्रेस रही हैं और उन्होंने 2 दर्जन से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। अभिनय के अलावा वे अपनी खूबसूरती के लिए भी जानी जाती हैं। उन्होंने फेमिना मिस इंडिया 2001 का खिताब जीता और मिस यूनिवर्स 2001 में चौथी रनर-अप बनीं। उन्होंने 2003 की थ्रिलर जानशीं से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। अभिनेत्री ने हाल ही में एक पोस्ट शेयर की है जिसके जरिए वे यूजर्स का अटेंशन ले रही हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में एक पोस्ट के जरिए हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा है। लेटेस्ट तस्वीर में जेलिना अपने जुड़वा बच्चों के साथ देखी जा सकती हैं। इस तस्वीर को शेयर कर उन्होंने एक लंबा कैप्शन लिखा और इसी में उन्होंने महिलाओं से संबधित लोगों की विचारधाराओं को भी उजागर किया है। अभिनेत्री ने लिखा, एक उर्दू कविता है जो कहती है औरत बिकी तो तवायफ हुई, मर्द बाइक तो दुल्हें बन गए। उनके इस पोस्ट पर हजारों कमेंट्स आ रहे हैं। तस्वीर तब की है जब उन्होंने अपने जुड़वां बच्चों संग तस्वीर डाली थी और इसमें वे बिकिनी पहने हुए अपने एक बेटे को दूध पिलातीं दिख रही थीं। अभिनेत्री ने लिखा, जब यह पहली बार पोस्ट किया गया था तो यह इंटरनेट पर मेरे एक महीने के ऩजुड़वां लड़कों के साथ मुझे खूब ट्रोल किया गया था। जबकि ऩबिकिनी का ट्रोलिंग से बहुत लेना-देना था, मुझे याद है कि मेरे एक लव केक (बेबी विंस्टन) को अपने बगल में रखने और उसे अपनी बाहों में न पकड़ने के लिए मुझ पर अटैक किया गया था। अभिनेत्री ने कहा, बिकिनी में अपने ही बच्चों को दूध पिलाने के लिए मुझे डायन होने से लेकर दुष्ट होने जैसी न जाने क्या-क्या मेरे लिए लिखा गया था। वे कहती हैं, पर्दे के पीछे जो चल रहा था वो यह था कि बच्चे हमेशा गोद में नहीं रहना चाहते। उन्हें पैर पटकना और स्वतंत्र महसूस करना पसंद है। जब आपके जुड़वां बच्चे होते हैं तो आप हमेशा उनकी जरूरतों के अनुसार बच्चों के बीच बदलाव करते रहते हैं। मेरी गोद में बैठा विराज अभी-अभी दूध पी रहा था और विंस्टन घूमना-फिरना और धूप का आनंद लेना चाहता था और विटामिन डी लेना चाहता था। बकौल जेलिना मुझे स्विमसूट पहनने के लिए जज किया गया, ट्रोल किया गया, बुरा-भला कहा गया। मेरे पति उस समय वहां मौजूद थे, जब हमारे मित्र लेबनानी फोटोग्राफर महा नसरा एडे ने हमारे लिए ये खूबसूरत यादें बनाईं। किसी ने एक बार भी लिहाज दिखाने की नहीं सोची। मुझे एक इंसान होने के लिए शर्मिंदा किया जा रहा था, सिर्फ इसलिए कि मैं एक मां बन गई थी इसलिए मैंने अपनी पहचान नहीं खोई, क्योंकि मां बनने के बाद मैंने अपनी पुरानी पहचान खोई थी, कारण था कि वो उस वक्त मेरे लिए सही नहीं था। फिर भी मुझे शर्मिंदा किया जा रहा था। मेरे पति ने उस दिन बहुत पावरफुल बात कही थी। उन्होंने कहा कि मुझे शेम के कल्चर में अपनी शक्ति और साहस को फिर से अचीव करने पर फोकस करना चाहिए। जब भी मुझे मेरे फ्लो के अपोजिट जाने के लिए आंका जाता है तो मैंने इसे हमेशा अपने दिमाग में रखा है। मैं केवल एक ही बात कहना चाहूंग- अगर लोग आपको नीचे गिराने की कोशिश कर रहे हैं, तो इसका मतलब केवल यह है कि आप उनसे ऊपर हैं, किसी को भी आपको अपने प्रामाणिक आत्म को कम करने के लिए कहने न दें।

महाभारत में द्रौपदी के रोल के लिए पहली पसंद थीं जूही

इंडस्ट्री की वो जानी मानी एक्ट्रेस जूही ने 1984 में मिस इंडिया खिताब अपने नाम करने के बाद 1986 में डेब्यू किया। करियर की पहली ही फिल्म फ्लॉप साबित हुई। बीआर चोपड़ा की महाभारत में ये ही एक्ट्रेस द्रौपदी के रोल के लिए पहली पसंद थीं, जिसे बाद में रूपा गांगूली ने निभाया था। साल 1993 में आई फिल्म आइना में जैकी श्रॉफ संग और फिल्म डर में सनी देओल संग नजर आ चुकीं जूही ने अपने करियर की शुरुआत साल 1986 में नसीरउद्दीन शाह की फिल्म सल्तनत से की थी। हालांकि उनके करियर की ये पहली ही फिल्म फ्लॉप साबित हुई थी। इस फिल्म के रिलीज होने से पहले जूही को एक साउथ के प्रोड्यूसर ने फोटो लेकर बीआर चोपड़ा के पास भेजा था जब वह महाभारत की कास्ट की तलाश कर रहे थे। जूही चावला ने अपने इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने पहली बार में जूही को द्रौपदी के रोल के लिए साइन कर लिया था। लेकिन उसी वक्त जूही की फिल्म भी रिलीज होने वाली थी, इस फिल्म की वजह से जूही को द्रौपदी का रोल छोड़ना पड़ा था। जूही की पहली फिल्म भले ही फ्लॉप साबित रही हो। लेकिन आमिर खान के साथ फिल्म कयामत से कयामत में जूही ने अपने रोल से सभी को चौंका दिया था। उनकी ये फिल्म हिट साबित हुई थी। आमिर खान के साथ उनकी केमिस्ट्री भी काफी पसंद की गई थी।

इस फिल्म के बाद जूही ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा इसके बाद उन्होंने 'हम हैं राही प्यार के', 'दीवाना मस्ताना', 'यस बॉस, 'लुटेरे', 'आईना', 'डर', इश्क 'जैसी कई ऐसी फिल्मों में काम किया, जिसके बाद तो उनका नाम इंडस्ट्री की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शामिल हो गया था। फिर एक दौर एक्ट्रेस की लाइफ में ऐसा भी आया जब उनकी फिल्में सिल्वर स्क्रीन पर फ्लॉप साबित होने लगीं।। दरअसल साल 1997 में उनसे एक ऐसी गलती हो गई कि देखते ही देखते उनका पूरा करियर डूबने लगा था। कहा जाता है कि यश चोपड़ा की फिल्म' दिल तो पागल है 'रिजेक्ट करने के बाद से ही उनका करियर ठप होने लगा था।

नयनतारा परिवार के साथ सउदी अरब पहुंची

साउथ सुपरस्टार नयनतारा अपने परिवार के साथ सउदी अरब पहुंची हैं। नयनतारा अपने पति विग्नेश शिवन और बच्चे, उइर और उलाग के साथ रेसिंग कार्यक्रम में शामिल होने सउदी अरब पहुंची। इवेंट से पहले नयनतारा और विग्नेश शिवन ने एक साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताया। इससे पहले नयनतारा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें साझा की थीं, जिसमें वो अपने पति के प्रति अपना आभार प्रकट करती हुई नजर आ रही थीं। अपने पति विग्नेश को टैग करते हुए अभिनेत्री ने लिखा- आज मैं जिस तरह की महिला हूं, वैसी महिला बनाने के लिए आपका दिल से शुक्रिया। इसके अलावा उन्होंने अपने पति से अलग होने को लेकर उठी सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि उनके और उनके पति के बीच सबकुछ ठीक है। इससे पहले एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया था, जिसे पढ़ने के बाद उसके प्रशंसक घबरा गए थे।

श्रॉफ और अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बेसब्री से इंतजार

टाइगर श्रॉफ और अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' का बेसब्री से इंतजार है। ऐसे में सोशल मीडिया पर दोनों का एक मजेदार वीडियो भी इन दिनों काफी वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ दोनों एक दूसरे को टक्कर देते नजर आ रहे हैं। टाइगर श्रॉफ ने ये वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। सामने आई इस वीडियो में दोनों स्टंटमैन एक साथ नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, फैंस इस वीडियो पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। अक्षय इस वीडियो में टाइगर कुछ हिसाब बराबर करने वाली बात करते नजर आ रहे हैं। इस दिलचस्प वीडियो पर फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स और फैंस भी रिएक्शन कर रहे हैं। टाइगर ने जो वीडियो अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है इसमें वह अक्षय से पूछते हैं कि बड़े एक रेस हो जाए क्या वहा पूल के आखिर तक? अक्षय टाइगर के इस चैलेंज को क्यों एक्सेप्ट नहीं करते। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार तो जाने ही अपनी फिटनेस के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने टाइगर के साथ मिलकर पूल में छलांग लगा दीस जबकि टाइगर चीटिंग करते हुए जल्दी से आखिर में पहुंच जाते हैं और विनर घोषित कर देते हैं। टाइगर की इस हरकत को देख अक्षय कुमार काफी कनफ्यूज हो जाते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए टाइगर ने कैप्शन में लिखा, हिसाब बराबर बड़े अक्षय कुमार। अक्षय कहां पीछे हटने वाले थे उन्होंने करारा जवाब देते हुए लिखा, हिसाब बराबर नहीं छोटे, हिसाब यूंही चलता रहेगा। एक्टर का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस के साथ इस पर राहुल देव और दर्शन कुमार जैसे कई सेलेब्स भी कमेंट कर रहे हैं।

बता दें कि अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां इसी साल ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। दोनों स्टंटमैन की ये फिल्म ,अमिताभ बच्चन, गोविंदा और माधुरी दीक्षित की सुपरहिट फिल्म का रीमेक है।

साड़ी में बला की खूबसूरत दिख रही जाह्नवी

हाल ही में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का साउथ इंडियन लुक देखने को मिला। एक्ट्रेस तस्वीरों में रेड एंड पर्पल साड़ी में बला की खूबसूरत दिख रही हैं। उन्होंने अपनी साड़ी को ओरेंज कलर के ब्लाउज के साथ टीमअप किया है। इसके साथ ही उन्होंने पर्पल लहंगा पेयर किया है। उन्होंने न्यूड मेकअप किया है, जो उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। माथे पर बिंदी, सोने के ईयरिंग्स, ब्राउन लिपस्टिक जाह्नवी के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो जाह्नवी ने बालों को हाफ बांध रखा है जिस पर बैंगनी कलर का फूल लगाया है। पार्क में बैठ जाह्नवी स्टाइलिश अंदाज में पोज दे रही हैं। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर जाह्नवी ने बर्थडे विश के लिए लोगों को शुक्रिया कहा है। जाह्नवी ने लिखा-जन्मदिन के प्यार के लिए धन्यवाद। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो जाह्नवी कपूर के पास कई एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स हैं। जाह्नवी जल्द ही स्पोर्ट्स ड्रामा मिस्टर एंड मिसेज माही में नजर आएंगीं। इस फिल्म में एक्ट्रेस राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करते देखा जा सकेगा। इसके अलावा जाह्नवी देशभक्ति थ्रिलर उलझ में नजआ आएंगी। इतना ही नहीं जाह्नवी फिल्म देवारा से तेलगू डेब्यू भी करने जा रही हैं। फिल्म में उनके साथ जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान हैं। बता दें कि जाह्नवी फिल्मों के साथ-साथ अपने फैशन सेंस को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टा अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर किए हैं। इन तस्वीरों में धड़क गर्ल

'पुष्पा 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार

दर्शकों को अब 'पुष्पा 2' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इस फिल्म में रश्मिका मंदाना ने मुख्य नायिका की भूमिका निभाई थी, जो पुष्पा-2 में भी हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक रश्मिका ने 'पुष्पा 2' बारे में बात की और वादा किया कि सुकुमार निर्देशित फिल्म पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होगी। रश्मिका ने कहा, यह बहुत अच्छी चल रही है। हमें फिल्म बनाने में लगभग 50 से ज्यादा दिन हो चुके हैं और अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है, लेकिन जैसा कि मैं हमेशा अपने दर्शकों से वादा करती रहती हूं कि यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी होने वाली है। इसमें बहुत मेहनत की गई है और डिटेल्स पर काफी ध्यान दिया गया है। हर किरदार पर बहुत ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है और यह सरप्राइजिंग है।卐वैसे इससे पहले भी रश्मिका ने 'पुष्पा 2' पर अपडेट शेयर किया था। एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया था कि उन्होंने पुष्पा 2 के लिए एक गाने की शूटिंग पूरी कर ली है। उन्होंने कहा था, हमने पहली फिल्म में कुछ पागलपन दिखाया, पार्ट 2 में, हम जानते हैं कि हमारी एक जम्मिदारी है क्योंकि लोगों को फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं।हम लगातार और एक्टिवली इसे डिलीवर करने की कोशिश कर रहे हैं। मैंने अभी-अभी पुष्पा 2 के लिए एक गाने की शूटिंग की और मैंने कहा, आप लोग इस बारे में कैसे सोच रहे हैं? हर कोई एक अच्छी फिल्म बनाने के लिए इंस्पायर होता है। हम सभी बाहर गए हैं और इस प्रोसेस को एंजॉय कर रहे हैं। यह एक ऐसी कहानी है जिसका कोई एंड नहीं है, आप इसे किसी भी निर्देशन में ले जा सकते हैं। यह मजेदार है।'पुष्पा- द राइज़' साल 2021 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को भी सुकुमार ने लिखा था और डायरेक्ट भी किया था। ये फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। तभी से फैंस पुष्पा 2- द रूल को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। खबरें हैं कि 'पुष्पा 2' की शूटिंग का अब फाइनल शेड्यूल चल रहा है। 'पुष्पा 2' से अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक रिवील हो चुका है। पोस्टर में वह साड़ी पहने हुए नजर आए थे और उनका चेहरा नीले और लाल रंग से रंगा हुआ था। दर्शकों को अब रश्मिका मंदाना के फर्स्ट लुक पोस्टर का इंतजार है। ये फिल्म सिनेमाघरों में 15 अगस्त 2024 को दस्तक देगी। बता दें कि दक्षिण भारत के सुपर सितारे अल्लू अर्जुन के करियर में वर्ष 2021 में प्रदर्शित हुई लेखक निर्देशक सुकुमार की पुष्पा ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस फिल्म की अप्रत्याशित पैन इंडिया सफलता ने अल्लू अर्जुन को राष्ट्रीय सितारे की हैसियत प्रदान की। इस फिल्म का फीवर दर्शकों के सिर चढ़कर बोला था और इसी के साथ 'पुष्पा' ने देश और दुनिया में रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की थी।

सफाई व्यवस्था में बाधा डाल रहे हैं होशियारपुर के 8 वैंक्वेट हॉल

रसोई का गंदा पानी व गंदगी सीधे सीवर में डाल रहे थे : आर.पी. सिंह

नोएडा (चेतना मंच)। होशियारपुर सेक्टर-51 स्थित बैंक्विट हाल शहर की सफाई व्यवस्था में कोढ

साबित हो रहे हैं। सिटी प्राइड जैसे नाम वाले बैंक्विट हाल भी शहर को गंदा करने में पीछे नहीं हैं। नोएडा प्राधिकरण के जल एवं सीवर विभाग के महाप्रबंधक आर.पी. सिंह ने ऐसे ही वैंक्वेट हाल को नोटिस जारी करके सुधरने की चेतावनी दी है।

आर.पी. सिंह ने बताया कि शहर में कई जगहों पर सीवर लाइन और ड्रेन जाम होने की निरंतर शिकायत प्राप्त हो रही है। इस समस्या का निस्तारण करने के लिए जल विभाग के अधिकारियों की ओर से तमाम जगहों पर जाकर जायजा लिया गया। इस दौरान पाया गया कि बैंक्विट हॉल वाले कचरा सीधे सीवर लाइन या ड्रेन में बहा रहे है। अथॉरिटी ने आठ बैंक्विट हॉल को नोटिस जारी किया है। इन सभी को 15 दिनों में ईटीपी और ग्रीस ट्रेप लगने का समय दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर जुर्माना लगाने की चेतावनी दी गई है। आपको बता दें कि अथॉरिटी ने हाल के दिनों में करीब 100 नामी रेस्टोरेंट, बैंक्विट हॉल और ऑटोमोबाइल के खिलाफ नोटिस जारी किया है। इसमें से करीब 10 लोगों ने नोटिस का जवाब दिया है। अब अथॉरिटी नोटिस का जवाब नहीं देने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने की तैयारी में है।

जिनको जारी किए गए हैं उनमें डायमंड क्राउन, सेक्टर-51, गोल्डन ड्रीम बैंक्विट, सेक्टर-51, चेवरोन, सेक्टर-51, वेंडिंग विला, सेक्टर-51, आनंद बैंक्विट, सेक्टर 51, द सिटी प्राइड, सेक्टर-51, रामा सेलिब्रेशन, सेक्टर-51, रामा बैंक्विट, सेक्टर-51 शामिल हैं।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता व प्रदेश प्रवक्ता का स्वागत

नोएडा (चेतना मंच)। राष्ट्रीय लोकदल जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी के नेतृत्व में नवयुक्त राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज चौधरी एवं प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट श्रीमती प्रियंका अत्रि का स्वागत किया गया।

इस मौके पर मनोज चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी एवं संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी ने मुझ जैसे एक छोटे से कार्यकर्ता इतनी बड़ी जिम्मेवारी देकर जो सम्मान पार्टी ने मुझे दिया है। मैं उसे पूरी ईमानदारी के साथ निभाऊंगा तथा पार्टी की नीति को सभी प्लेटफार्म पर बेबागी से रखूंगा।

एडवोकेट श्रीमती प्रियंका अत्रि ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जनार्दन भाटी ने कहा कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का एवं संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी का आभार व्यक्त करता हूं कि प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर पर जब भी कोई नई जिम्मेवारी दी जाती है तो जिला गौतम बुध नगर के कार्यकर्ताओं नई जिम्मेदारी देकर उन्हें शीर्ष नेतृत्व आगे बढ़ने का कार्य करता है।

इस मौके पर रविंद्र भाटी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेखा चौधरी श्रीमती हेमा पाठक मनवीर भाटी हरवीर सिंह तालान विजेंद्र यादव जोगेंद्र सिंह तालान सुशील भाटी प्रमोद भाटी रिंकू चौधरी जसवीर भाटी राहुल भाटी बिट्टू चौधरी दिनेश चौधरी नीरज शर्मा मुखिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वैश्य समाज का

महासम्मेलन तथा होली मिलन सम्पन्न

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-56 स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में वैश्य समाज महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। वैश्य समाज महासम्मेलन का आयोजन अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं पोरवाल समाज सेवा समिति द्वारा किया गया।

राधा कृष्ण गर्ग अध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल वैश्य मित्र मंडल एवं सुधीर चंद्र पोरवाल राष्ट्रीय संरक्षक पोरवाल समाज सेवा समिति/कार्यक्रम संयोजक एवं संयोजक लवकेश गोयल के संयुक्त प्रयास से वैश्य समाज महासम्मेलन एवं होली मिलन समारोह में वैश्य समाज के 16 घटक के लोगों ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

इस सम्मेलन में अग्रवाल समाज, पोरवाल समाज, चतुर्सेनी समाज, कानू समाज, वर्णवाल समाज, माहेश्वरी समाज, जैन समाज दिगंबर, जैन समाज स्वेतांबार, जायसवाल समाज, सूरी समाज, रौनियार समाज , कलवार समाज, माथुर वैश्य समाज, तेली समाज, केशरवानी समाज एवम चौरसिया समाज शामिल रहे।

प्रदेश के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम वैश्य, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अशोक गोयल, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय शेखर गुप्ता, सपा के जिला अध्यक्ष डॉ आश्रय गुप्ता, अध्यक्ष राधा कृष्ण गर्ग, कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीकांत पोरवाल, स्वागत अध्यक्ष ओ. पी. गोयल, पोरवाल समाज सेवा के राष्ट्रीय संरक्षक सुधीर पोरवाल, प्रदेश अध्यक्ष रमन पोरवाल ने दीप प्रज्वलन किया। उसके बाद गणेश वंदना कर विधिवत कार्यक्रम शुरू किया गया। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंत में चंदन से एवम फूलों की होली खेली गई।

वेटलिफ्टिंग के गोल्ड मेडलिस्ट सूरज वर्मा को सम्मानित करेगा पंजाबी एकता समिति

बैठक में 2500 सदस्य बनाने का लक्ष्य किया निर्धारित

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा पंजाबी एकता समिति ने

माह मार्च की मासिक बैठक अध्यक्ष वीरेंद्र मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें संरक्षक संजय बाली, महासचिव नरेंद्र चोपड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनीत मेहता, कोषाध्यक्ष गौरव चाचरा, उपाध्यक्ष नवीन सोनी एवं अतुल सहगल ने अपने-अपने विचार रखे। मासिक बैठक में वर्ष 2025 मार्च तक 2500 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की सेक्टर-11 से सेक्टर-135 तक प्रत्येक आवासीय सेक्टर के प्रभारी नियुक्त किये जायेंगे और प्रत्येक सेक्टर प्रभारी को कम-कम 50 सदस्य बनाने की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके साथ -साथ वर्ष 2024 में बैसाखी का कार्यक्रम नोएडा सेक्टर 12 के गुरूद्वारे में करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में तय किया कि पॉवर-लिफ्टिंग में लगातार 4 वर्षों में गोल्ड मैडल जीत कर उत्तरप्रदेश के नाम को रोशन करने वाले सूरज वर्मा को सम्मानित किया गया।

बैठक में संरक्षक सतपाल सचदेवा, सतपाल आनंद, नरेंद्र सचदेवा, अतुल मल्होत्रा, अजय मेहता, सुभाष मेहता, राकेश खन्ना, अश्विनी सदाना, सोहनलाल, सुनील, रंजीत गुप्ता, विक्की कपूर, सुभाष जैन, विशाल गोयल समेत संस्था की तरफ से 80 से 90 सदस्यों ने हिस्सा लिया।

स्वदेशी जागरण मंच ने मनाया महिला दिवस

नोएडा (चेतना मंच)। स्वदेशी जागरण मंच नोएडा द्वारा चौधरी फार्म हाउस बरौला सेक्टर 49 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से मनाया गया किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक नोएडा श्रीमती विमला बाथम रही।

विशिष्ट अतिथियों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष गिरीश कोटनाला, एसीपी महिला गौतम बुध नगर सौम्या सिंह महिला थाना अध्यक्ष किरण, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रज्ञा पाठक भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शारदा चतुर्वेदी, योगेंद्र चौधरी, धर्मेंद्र नंदा रहे। कार्यक्रम के

संयोजक श्रीमती मनोज शर्मा ने सभी का धन्यवाद एवम आभार प्रकट किया। मंच का संचालन वंदना शर्मा ने किया।

इस मौके पर अर्चना त्यागी आरती कवि अंजू चौहान, बंदना शर्मा रेखा चौहान रेनू बाला शर्मा रजनी सिंह सीमा पटेल, पुनम चौहान मधु पूर्णिमा, मीनाक्षी उपाध्याय सुनीता नयाल आदि के साथ ममता शर्मा, पुष्पा त्यागी, पूजा पुंडीर, अर्चना मिश्रा, तारकेश्वरी पराशर, ज्योति,चांदतारा, रेखा ,दया, कौशल ,शशिपाल शर्मा गोविंद कोरंगा, श्याम सिंह आदि सहित 100 अधिक महिला उपस्थित रहे।

भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा का होली मिलन 18 मार्च को

नोएडा (चेतना मंच)। दादरी बागवान मोहल्ले में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक मीटिंग

हुई जिसमें 18 मार्च को दादरी के डीसेंट पब्लिक इंटर कॉलेज में होने वाले होली मिलन कार्यक्रम के रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया।

प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा ने बताया की मुख्य अतिथि के रूप में देवदत्त शर्मा आईएएस पूर्व आयुक्त एवं नोएडा ग्रेटर नोएडा अध्यक्ष तथा आरके चतुर्वेदी आईपीएस पूर्व आईजी पूर्व मंत्री सतीश शर्मा अखिल भारतवर्ष ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीके गौड़ व सतीश शर्मा होंगे।

इस कार्यक्रम में ब्राह्मण सभा के समस्त राष्ट्रीय पदाधिकारी हरिओम शर्मा महामंत्री मिशन कौशिक महामंत्री संगठन दिग्विजय दीक्षित राष्ट्रीय संयोजक महिला राष्ट्रीय प्रचार मंत्री देवेंद्र भारद्वाज एनसीआर के अध्यक्ष नरेश पाल कौशिक अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। यही नहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अध्यक्ष दादरी नगर पालिका श्रीमती गीता पंडित अध्यक्ष सिकंदराबाद डॉक्टर प्रदीप दीक्षित पूर्व अध्यक्ष अनूपशहर श्रीमती अर्चना शर्मा मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा द्वारा की गई उनके साथ कार्यकारी अध्यक्ष उमेश शर्मा मौजूद रहे मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष पंडित पीतांबर शर्मा मौजूद रहे। प्रदेश महामंत्री परमानंद शर्मा द्वारा संचालन किया गया।

बैठक में जिला महामंत्री रामकुमार शर्मा, नगर महामंत्री रतन वीर शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अनिल शर्मा, नगर कोषाध्यक्ष विजय कुमार कौशिक, मास्टर डालचंद शर्मा, मास्टर रूप किशोर शर्मा, प्रिंसिपल डॉक्टर आर पी शर्मा, पूर्व सभासद संजय शर्मा चितेरा से पंडित श्रीराम शर्मा के अलावा बहुत सारे लोग मौजूद रहे।

शहर की आवाज के नाम से प्रसिद्ध संचालक को स्टेज पर पड़ा दिल का दौरा, अस्पताल में भर्ती

नोएडा (चेतना मंच)। उत्तर प्रदेश के नोएडा शहर में नोएडा शहर की आवाज के नाम से प्रसिद्ध

उदघोषक (संचालक) करूणेश शर्मा को स्टेज शो के दौरान स्टेज पर ही दिल का दौरा (हार्ट अटैक) पड़ा है। उदघोषक करूणेश शर्मा को नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नोएडा की आवाज के नाम से लोकप्रिय उदघोषक का हार्ट अटैक होने की खबर पूरे नोएडा शहर में आग की तरह फैल गई है।

नवरत्न फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को ग्रेटर नोएडा में पुष्प प्रदर्शनी के समापन समारोह के वक्त जब करूणेश शर्मा स्टेज पर मंच का संचालन करने जा रहे थे तभी अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ा। नोएडा की आवाज के नाम से प्रसिद्ध करूणेश शर्मा को आनन-फानन में नोएडा के सेक्टर-62 स्थित फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनके दिल की दोनों धमनियां ब्लॉक हैं। डॉक्टर ने फिलहाल एक धमनी में स्टेंट लगा दिया है तथा दूसरी धमनी में स्टेंट लगाया जाएगा। वह फोर्टिस अस्पताल में आईसीयू में भर्ती हैं तथा अभी उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

करूणेश शर्मा को दिल के दौरे की खबर मिलते ही नोएडा के सभी गणमान्य लोगों तथा विभिन्न संगठनों में अफरा-तफरी मच गई। लोग एक-दूसरे से फोन कर उनके स्वस्थ्य की जानकारी लेते रहे। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। लोगों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

बता दें कि मूल रूप से नोएडा शहर के रहने वाले करुणेश शर्मा दूरदर्शन से लेकर अभी तक बड़े संस्थानों में उद्घोषक के रूप में कार्य कर चुके हैं तथा नोएडा शहर में पिछले 3 दशकों से हर प्रमुख कार्यक्रम को वे बड़ी शिद्दत के साथ संचालित करते रहे हैं। उन्हें नोएडा में शहर की आवाज के रूप में जाना जाता है।